तापमान

अधिकतम 33 डिग्री
न्यूनतम 16 डिग्री

हरिभूमि
# धमतरी भूमि

रायपुर, गुरुवार, 6 मार्च 2025

13 आज कुरूद जनपद में होगा अध्यक्ष उपाध्यक्ष का चुनाव




14 आवारा पशु बन रहे सड़क दुर्घटना का कारण





## खबर संक्षेप

### सभापति चुनाव में पूर्णिमा होंगी कांग्रेस की अधिकृत प्रत्याशी

**धमतरी।** नगर पालिक निगम के नवनिर्वाचित पार्षदों का प्रथम सम्मिलन आज नगर निगम सभाकक्ष में आयोजित किया गया है जहां निगम सभापति का चुनाव होना है। जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष शरद लोहाना ने बताया कि नयापारा वार्ड पार्षद पूर्णिमा रजक सभापति के लिए इंडियन नेशनल कांग्रेस की ओर से अधिकृत प्रत्याशी होंगी।

### 250 पाउच शराब जब्त

**महासमुंद।** ग्राम खुर्सीपार के तालाब के किनारे पेड़ के पास शराब बेचने के लिए ग्राहक तलाश रहे व्यक्ति पर कोमाखान पुलिस ने कार्रवाई की है। आरोपी के कब्जे से 250 पाउच शराब जब्त किया गया है। पुलिस ने बताया कि सूचना मिली थी कि एक व्यक्ति खुर्सीपार तालाब पार किनारे बबूल पेड के पास शराब बिक्री करने के लिए ग्राहक की तलाश में खड़ा हुआ है। पआरोपी ने अपना नाम कमलेश साहू पिता नारायण लाल साहू (23 साल) खुर्सीपार थाना कोमाखान का रहने वाला बताया। आरोपी के कब्जे से दो जूट बोरी 250 पाउच कुल 50 लीटर शराब कीमत 10,000 रुपए एवं बिक्री रकम 380 रुपए जब्त किया गया।

### सट्टा खिला रहा युवक पकड़ाया



**धमतरी।** आम जगह पर सट्टा खिला रहे आरोपी को कोतवाली पुलिस ने रंगेहाथ पकड़ा है। कोतवाली पुलिस को मुखबिर से विंध्यवासिनी वार्ड के गौशाला मैदान के पास सट्टा नामक जुआ खिलाए जाने की सूचना मिली। पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची, जहां अनिल ढीमर पिता मनोज उम्र 37 वर्ष कोष्टापारा निवासी लोगों से पैसा लेकर सट्टा खिला रहा था। पुलिस ने आरोपी को पकड़कर उसके कब्जे से सट्टापट्टी व नगदी 720 रुपए बरामद कर उसके खिलाफ छग जुआ प्रतिषेध अधिनियम 2022 की धारा 6/ख जुआ एक्ट के तहत गिरफ्तार कर कार्रवाई की है।

### अवैध शराब का परिवहन करते दो युवक गिरफ्तार





**धमतरी।** मोटरसाइकिल से अवैध शराब परिवहन कर रहे बलियारा के दो युवकों को कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार किया है। कोतवाली पुलिस द्वारा नहरनाका दानीटोला के पास घेराबंदी की गई। इस दौरान खिलेश्वर ध्रुव पिता पंचराम उम्र 25 वर्ष व ऋषभकांत साहू पिता तोरन उम्र 25 वर्ष दोनों ग्राम बलियाराम थाना अर्जुनी निवासी मोटरसाइकिल क्रमांक सीजी 05 एक्यू 0358 में अवैध शराब का परिवहन कर रहे थे। पुलिस ने मोटरसाइकिल को रोककर तलाशी ली। इस दौरान उनके कब्जे से 29 पौवा देशी प्लेन शराब कीमत 2610 रूपए बरामद हुई। पुलिस घटना में उपयोग की जा रही मोटरसाइकिल कीमत 30 हजार व अवैध शराब को जप्त कर आरोपी खिलेश्वर ध्रुव व ऋषभकांत साहू के खिलाफ आबकारी एक्ट 34/2 के तहत अपराध दर्ज किया।

- कोतवाली पुलिस ने की कार्रवाई

---

चिखली से माटेगहन तक पुल निर्माण की स्वीकृति, राजाराव पठार से जुड़ेगा रास्ता

# डुबानवासियों का सफर होगा अब आसान बनेगा धमतरी जिले का सबसे लंबा पुल

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

गंगरेल बांध बनने से पहले जो सफर 10 किमी का था, वह 70 किमी हो गया है। डूब प्रभावितों को घूमकर धमतरी आना पड़ता है। अब इस समस्या का समाधान करते हुए उच्चस्तरीय पुल के निर्माण की स्वीकृति मिली है। इस पुल के निर्माण से डूब प्रभावितों का सफर आसान हो जाएगा।

गंगरेल बांध से धमतरी सहित कई जिलों में खुशहाली का रास्ता खुला है। सिंचाई सुविधा मिलने से सम्पन्नता बढ़ी है। विडंबना यह है कि गंगरेल बांध के निर्माण में जिन डुबानवासियों ने सबसे बड़ा योगदान दिया है, बांध बनने के बाद उनकी मुसीबत बढ़ गई है। पहले डुबान क्षेत्र से 10-12 किमी का सफर तय कर लोग धमतरी पहुंच जाते थे। बांध बनने के बाद रास्ता बंद हो गया और लोगों को चारामा की ओर से घूमकर धमतरी आना पड़ता है। उन्हें धमतरी आने के लिए 60-70 किमी सफर तय करना पड़ रहा है। अब जाकर शासन ने डूब प्रभावितों की सुनी है। चिखली से मुसकेरा तक उच्चस्तरीय पुल की स्वीकृति मिली है। इसके लिए बजट में प्रावधान भी रखा गया है। इस पुल के बनने के बाद डूब प्रभावितों को धमतरी आने के लिए 25-30 किमी ही सफर करना होगा।



### 32 गांवों को सीधा लाभ

गंगरेल बांध के निर्माण में 52 गांव डूब गए। इस पुल के बनने से डुबान के ग्राम चिखली, अरौद, माटेगहन, तिर्रा, मोंगरागहन, कोहका, अकलाडोंगरी, कोड़ेगांव आर, कोड़ेगांव माल, कोडेगांव बी, तुएगहन, कोलियारी नया, कोलियारी पुराना, हाराडुला, मालगांव, पंडरीपानी, बारगरी, भिड़ावर, सिंधोला, उरपुती सहित 32 गांव के लोगों को आवाजाही में सीधा लाभ मिलेगा। भारतमाला सड़क बनने के बाद इस पुल की उपयोगिता और बढ़ जाएगी।

### गंगरेल पर्यटन का रास्ता खुलेगा : श्यामा



डूब प्रभावितों की समस्या को देखते हुए जिला पंचायत की पूर्व सदस्य श्यामादेवी साहू ने इस पुल के लिए आवाज उठाई थी। इससे पहले उन्होंने पूरे डूबान क्षेत्र का सर्वे भी किया था। उन्होंने बताया कि डूब प्रभावित अधिकांश गांव धमतरी जनपद पंचायत का हिस्सा है। ग्रामीणों को छोटे छोटे कार्यों के लिए धमतरी आना पड़ता है। कोई दूसरा विकल्प नहीं होने के कारण उन्हें 60-70 किमी का सफर करना पड़ता है। यह पुल ओन्हाकोन्हा के पास ग्राम चिखली से शुरू होगा, जो डुबान क्षेत्र के ग्राम मुसकेरा तक जाएगा। इस पुल के बनने से ग्रामीण राजाराव पठार होते हुए धमतरी पहुंच सकेंगे। यही नहीं खिरकीटोला, तुमड़ाबहार, विश्रामपुरी होते हुए वे धमतरी पहुंच सकेंगे। उन्होंने बताया कि इससे चारामा, कांकेर और बालोद जिला को भी लाभ मिलेगा। गंगरेल पर्यटन को एक नया आयाम मिलेगा।

---

# नगर पालिक निगम में स्पीकर का चुनाव आज

- पर्यवेक्षक प्रत्याशी के नाम वाले बंद लिफाफा खेलेंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी




नगर पालिक निगम के स्पीकर/सभापति का चुनाव आज 6 मार्च गुरुवार को होगा। पर्यवेक्षक विधायक मोतीलाल साहू एवं कुरूद विधायक अजय चंद्राकर प्रत्याशी के नाम वाले बंद लिफाफा खोलेंगे। इसके बाद नामांकन भरा जाएगा। चुनाव में सभी निर्वाचित पार्षद और महापौर मतदान करेंगे।

विदित हो कि कलेक्टर ने 6 मार्च को निगम सभाकक्ष में सुबह 10 बजे प्रथम सम्मिलन आयोजित किया है। सुबह 10 से 11 बजे तक स्पीकर पद के लिए नामांकन पत्र प्रस्तुत किया जाएगा। 11.30 बजे नामांकन पत्रों की संवीक्षा, 11.30 से 12 बजे तक नाम वापसी, दोपहर 12 से 1 बजे तक मतदान होगा। अगर आवश्यक हुआ तो मतदान कराया जायेगा। इस स्थिति में दोपहर 3.30 बजे मतगणना, परिणाम की घोषणा होगी।

### भाजपाई पार्षदों की बैठक हुई

सभापति के लिए दो दिन पहले पर्यवेक्षक ने सभी भाजपाई पार्षदों की बैठक लेकर आवश्यक दिशा- निर्देश जारी कर दिए हैं। प्रथम सम्मिलन में सभी भाजपा पार्षद और महापौर उपसस्थित रहेंगे। इस बात का निर्देश जारी हो गया है। बैठक में वैसे भी भाजपा की ओर से स्पीकर का प्रत्याशी कौन होगा, यह तय हो गया है। सभापति के लिए तीन नाम भेजे गए थे, जिसमें एक का नाम फाइनल हो गया है। लिफाफा में बंद नाम आज खोला जाएगा। चुनाव से पहले औपचारिता निभाई जाएगी। बता दें कि भाजपा के 27 पार्षद और महापौर हैं। कांग्रेस के 8 और निर्दलीय पार्षदों की संख्या 5 है। कौन बनेगा सभापति यह लिफाफा खुलने के बाद आज शाम तक तय हो जाएगा।

---

सभा कक्ष में महत्वपूर्ण बैठक एवं परिचय समारोह का हुआ आयोजन

# नगर निगम की कार्यप्रणाली को मजबूत बनाने पर जोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

नगर निगम के सभा कक्ष में 4 मार्च को महत्वपूर्ण बैठक एवं परिचय समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान महापौर रामू रोहरा, नगर निगम आयुक्त प्रिया गोयल समेत पार्षदगण, विभागीय अधिकारी एवं नगर निगम के कर्मचारी उपस्थित थे।





बैठक का मुख्य उद्देश्य नगर निगम की कार्यप्रणाली को अधिक प्रभावी बनाना और पार्षदों व अधिकारियों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करना था। नगर निगम की विभिन्न योजनाओं एवं विकास कार्यों की प्रगति पर भी चर्चा की गई। इस अवसर पर महापौर रामू रोहरा ने कहा कि शहर के विकास के लिए सभी का समर्पित प्रयास आवश्यक है। नागरिकों की समस्याओं को त्वरित रूप से हल करना नगर निगम की प्राथमिकता होनी चाहिए। उन्होंने पार्षदगणों से अपील की कि वे अपने-अपने वार्डों की जरूरतों को समझें और नगर निगम के साथ मिलकर उन्हें पूरा करने का प्रयास करें। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे पारदर्शी एवं प्रभावी कार्यप्रणाली अपनाएं ताकि शहरवासियों को अधिकतम सुविधाएं प्रदान की जा सकें।

नगर निगम आयुक्त प्रिया गोयल ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे कार्यों को व्यवस्थित एवं समयबद्ध तरीके से पूरा करें। उन्होंने कहा कि स्वच्छता, जल आपूर्ति, सड़क मरम्मत, ट्रैफिक प्रबंधन और अन्य नागरिक सुविधाओं को उच्च प्राथमिकता दी जाए। उन्होंने अधिकारियों से यह भी कहा कि वे नागरिकों की शिकायतों का त्वरित समाधान करें और योजनाओं को प्रभावी ढंग से लागू करें। परिचय समारोह में सभी पार्षदगणों और विभागीय अधिकारियों ने अपने-अपने परिचय दिए और अपने कार्यक्षेत्र व जिम्मेदारियों के बारे में बताया। इस दौरान नगर निगम की कार्यप्रणाली को और अधिक मजबूत बनाने को लेकर विचार-विमर्श किया गया। पार्षदों और अधिकारियों ने समन्वय के साथ काम करने की प्रतिबद्धता जताई और शहर के विकास में योगदान देने का संकल्प लिया।

---

# कलयुगी भतीजे ने कुल्हाड़ी मारकर चाचा की हत्या की

- महुआ पेड़ बना हत्या का कारण

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



मृतक

खेत में स्थित महुआ पेड़ को लेकर एक कलयुगी भतीजे ने अपने चाचा की कुल्हाड़ी मारकर हत्या कर दी है।

मिली जानकारी के अनुसार निकराम गौर पिता गणेश उम्र 61 वर्ष ग्राम चिखली थाना डौंडी जिला बालोद निवासी व उसके बड़े भाई पंचराम गौर के बीच जमीन का बंटवारा हो चुका है। दोनों भाई अपने-अपने बंटवारे की जमीन पर काबिज है। दोनों भाई के खेत के बीच स्थित मेड़ में एक महुआ का पेड़ है। वह पेड़ पूरी तरह से सूख चुका है। उस पेड़ को लेकर दोनों भाइयों के बीच लंबे समय से विवाद चल रहा था। दोनों भाई पेड़ पर अपना हक बताते थे। इसी बात को लेकर 16 फरवरी की दोपहर खेत में दोनों भाइयों में वाद विवाद हुआ। पंचराम गौर ने अपने बेटे उदयराम गौर के साथ मिलकर निकराम से मारपीट शुरु कर दी। उदयराम ने घर से टंगिया लाकर चाचा निकराम के सिर पर हमला कर दिया। इस हमले से निकराम गंभीर रूप से घायल हो गया। उसके सिर में चोट आई थी, जिसे उपचार के लिए डौंडी शासकीय अस्पताल ले जाया गया। रिफर करने पर घायल को रायपुर में भर्ती कराया गया। एम्स से 3 मार्च को छुट्टी देने पर परिजन घायल को घर ले जा रहे थे। इसी दौरान रास्ते में घायल को श्वांस लेने में तकलीफ होने लगी। रात्रि में उपचार के लिए रूद्री रोड के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। जहां देर रात्रि घायल की इलाज के दौरान मौत हो गई। अस्पताल चौकी ने पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को शव सौंप दिया है। जानकारी के अनुसार डौंडी पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

---

# चेम्बर ऑफ कामर्स में बढ़ी चुनाव की सरगर्मी

- मतदान 15 अप्रैल को होगा, प्रत्याशियों ने जनसंपर्क शुरू किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



चेम्बर ऑफ कामर्स में चुनाव की सरगर्मी बढ़ गई है। मतदान 15 अप्रैल को होना है, लेकिन प्रत्याशियों ने अभी से जनसंपर्क शुरू कर दिया है। जय व्यापार पैनल अपने प्रत्याशियों की घोषणा कर चुका है। एकता पैनल के प्रत्याशियों की घोषणा का इंतजार है।

चेम्बर ऑफ कामर्स के प्रदेश बॉडी के लिए चुनाव होना है। जिले में चेम्बर के करीब 650 मतदाता हैं जो इस चुनाव में भाग लेंगे। जानकारी के अनुसार हर मतदाता को 3 वोट डालने होंगे। इसमें से तीन वोट प्रदेश बॉडी के लिए होगा जिसमें प्रदेश अध्यक्ष, उपाध्यक्ष और कोषाध्यक्ष का पद शामिल है। दो पद जिला स्तर पर होगा। उल्लेखनीय है कि हर जिले से एक मंत्री और एक उपाध्यक्ष के लिए भी मतदान होना है। हर मतदाता को इसके लिए एक -एक वोट डालना होगा। जय व्यापार पैनल से जितेन्द्र दोशी, विक्रम सिंहदेव एवं परमानन्द जैन ने बताया कि छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स के चुनाव को लेकर जय व्यापार पैनल पूरे प्रदेश में सम्पर्क यात्रा कर रहा है। जय व्यापार पैनल के अध्यक्ष, महामंत्री व कोषाध्यक्ष पद के प्रत्याशी क्रमशः अमर पारवानी, अजय भसीन व उत्तम गोलछा अपनी टीम के साथ धमतरी चरामा, कांकेर जिले के सदस्यों से मुलाकात की साथ ही भविष्य में व्यापार को नई उंचाई पर ले जाने चर्चा की।

इस दौरान धमतरी चेम्बर ऑफ कामर्स के पदाधिकारी अरविंद दोशी, सलज अग्रवाल, सुरेश महावर, महेश जसूजा, धनराज लूनिया, रामचंद वाधवानी, रवि मुंजवानी, बंटी वाधवानी, राजमल राखेचा, वरिष्ठ नागरिक गोपाल शर्मा, मदन मोहन खंडेलवाल, राइस मिल एसोसिएशन के अध्यक्ष नवीन सांखला, राजेश गोलछा, पूर्व अध्यक्ष विनोद खंडेलवाल, घड़ी चौक व्यापारी संघ के अध्यक्ष ज्ञानचंद लुनावत, दिलावर रोकड़िया उपस्थित थे। चारामा छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स के पदाधिकारी स्वपन बोस, युगल खत्री, उत्तम किरी, अजय पंजवानी, सुरेश वाधवानी, महेंद्र भंसाली, महेश भोजवानी, मदन जैन, प्रवीण सोनी, पूनम चोपड़ा, मनोहर राठौर, नारायण पंजवानी आदि उपस्थित थे।

---

फल-फूल, सब्जियां, सुगंधित पौधों की खेती करने वाले किसानों को मिलेगा लाभ

# राष्ट्रीय बागवानी मिशन में धमतरी जिला शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



फल-फूल, सब्जियां, मसाले, औषधि एवं सुगंधित पौधों की खेती करने वाले जिले के किसानों के लिए खुशखबरी है। लंबे अरसे के इंतजार के बाद धमतरी जिला को राष्ट्रीय बागवानी मिशन में शामिल कर लिया गया है। इस योजना के तहत बागवानी क्षेत्र के विकास में अनुसंधान, प्रौद्योगिक प्रोन्नति, फसल विस्तार, फसल कटाई के बाद प्रबंधन, विपणन जैसे काम को बढ़ावा मिलेगा।

राष्ट्रीय बागवानी मिशन एनएचएम भारत सरकार की एक योजना है जिसका मकसद बागवानी क्षेत्र को बढ़ाने के साथ बागवानी उत्पादन को बढ़ावा देना है। इस योजना के तहत फल फूल, सब्जियां, मसाले, औषधि एवं सुगंधित पौधों की खेती को बढ़ावा दिया जाता है। विभागीय जानकारी के अनुसार इस योजना की शुरुआत 2005-06 में की गई थी। इस योजना में केंद्र सरकार 85 तथा राज्य सरकार 15 फीसदी योगदान देती है। इस योजना के तहत बागवानी क्षेत्र के विकास के लिए अनुसंधान प्रौद्योगिकी प्रोन्नति, विस्तार, फसल कटाई के बाद प्रबंधन, प्रसंस्करण, विपणन जैसे काम किए जाते हैं। किसानों को आर्थिक रूप से मजबूत करने खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने में मदद मिलती है। इस योजना के लिए हाई नेट नामक एक डेटाबेस भी है। इस डेटाबेस में किसानों के लिए जानकारी होती है।

बागवानी कृषक महेंद्र रावटे, श्यामलाल देवांगन, अनिल सोनकर ने बताया कि 20 साल बाद धमतरी को बागवानी मिशन में शामिल किया गया है। इससे किसानों को उन्नत बागवानी, तकनीक का प्रशिक्षण, आर्थिक अनुदान एवं सब्सिडी, कृषि यंत्रीकरण लाभ, भंडारण और विपणन सुविधाएं, औद्योगिक खेती को बढ़ावा, रोजगार के नए अवसर किसानों को प्राप्त होगा। इससे बागवानी क्षेत्र को बढ़ावा मिलेगा। किसानों की आय में वृद्धि होगी।

उद्यानिकी की उपसंचालक स्नेहलता सिन्हा ने बताया कि धमतरी जिला को बागवानी मिशन में शामिल किया गया है। यह ऐतिहासिक उपलब्धि है। इससे बागवानी को नई तकनीक और सरकारी सहयोग से जोड़ा जाएगा। क्षेत्र के किसान आत्मनिर्भर बन सकेंगे। राष्ट्रीय एवं अंतराष्ट्रीय बाजारों तक अपनी पहुंच बना पाएंगे। यह कृषि क्षेत्र में नई क्रांति लाने वाला साबित होगा। आने वाले वर्षों में बागवानी से किसानों की आय में कई गुना वृद्धि होगी।

---

### डीपीएल क्रिकेट मैच के 10वें दिन 4 मैच खेले गए

- लोहरसी, पोटियाडीह, हटकेशर, ब्राम्हणपारा की टीम बनी विजेता

**धमतरी।** डीपीएल क्रिकेट मैच सीजन 6 के 10वें दिन मिशन ग्राउंड में दूधिया रोशनी में 10-10 ओव्हर के 4 मैच खेले गए। पहला मैच हरफतराई और लोहरसी के बीच खेला गया। हरफतराई ने 9 विकेट पर 94 रन बनाए। लोहरसी 5 विकेट पर 99 रन बनाकर विजेता बना। दूसरा मैच पोटियाडीह और संबलपुर के बीच हुआ। पोटियाडीह ने 3 रन से मैच जीता। तीसरा मैच अछोटा और हटकेशर के बीच हुआ। हटकेशर ने 7 विकेट से जीत हासिल की। चौथा और अंतिम मैच ब्राम्हणपारा और मराठापारा के बीच हुआ। ब्राम्हणपारा ने 45 रन से जीत दर्ज की।

**पाठक सूचना**

धमतरी जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

मो. 9826114710, 9993322768
9098324969

## खबर संक्षेप

### बजट से छग के विकास को मिलेगी नई गति : रविशंकर

**नगरी।** वित्तमंत्री ओपी चौधरी द्वारा प्रस्तुत बजट को भाजपा के वरिष्ठ नेता रविशंकर दुबे ने छत्तीसगढ़ के विकास को नई गति देने वाला बताया। उन्होंने कहा कि यह बजट



गत वर्ष की तुलना में 12 प्रतिशत अधिक है, जिससे प्रदेश के हर वर्ग को लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि 13,500 करोड़ रुपये के कृषि बजट से 25 लाख किसान लाभान्वित होंगे, जबकि 6,044 करोड़ रुपये के प्रावधान से नगरीय निकायों में विकास कार्यों को गति मिलेगी। 8,500 करोड़ रुपये की आवासीय योजना से गरीबों का घर का सपना साकार होगा। श्री दुबे ने 10,000 सरकारी नौकरियों की घोषणा को युवाओं के लिए सुनहरा अवसर बताया। साथ ही पेट्रोल की कीमत 1 रुपये प्रति लीटर कम होने से महंगाई पर लगाम लगेगी और परिवहन सस्ता होगा। कर्मचारियों के लिए 53 प्रतिशत महंगाई भत्ता की बढ़ोतरी को आर्थिक मजबूती का संकेत बताते हुए उन्होंने कहा कि इससे बाजार में खरीदारी बढ़ेगी। उन्होंने कहा कि विष्णु देव सरकार का यह दूसरा बजट प्रदेश की समृद्धि और प्रगति की गारंटी है, जो हर वर्ग के लिए लाभकारी और स्वागत योग्य है।

### समाजसेवियों ने गरीब परिवार को राशन देकर आर्थिक मदद की

**नगरी।** गांव छिपली निवासी चिताराम नवरंग के पुत्र कन्हैयालाल नवरंग उम्र 40 वर्ष का आकस्मिक निधन हो गया। उनके परिवार की आर्थिक स्थिति कमजोर है। इसकी जानकारी होने पर समाजसेवी सन्नी छाजेड़, अनिल वाधवानी, गुरुप्रसाद साहू, पूनम प्रजापति, खेमराज साहू ने उनके घर जाकर राशन सामान और आर्थिक सहयोग किया।

### चुनाव में भाजपा के 15 तथा कांग्रेस के 8 सदस्य जीतकर आए हैं

# मगरलोड जनपद अध्यक्ष, उपाध्यक्ष का ताज किसके सिर पर सजेगा, फैसला आज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मगरलोड

त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव 23 फरवरी को संपन्न हो चुका है। ग्राम पंचायत के सरपंच, पंचों का शपथ ग्रहण 4 मार्च को हुआ। जनपद पंचायत मगरलोड अध्यक्ष, उपाध्यक्ष की नियुक्ति आज 6 मार्च को होगी। जनपद पंचायत में 23 जनपद सदस्य हैं। भाजपा के 15 तथा कांग्रेस के 8 सदस्य हैं। जनपद में भाजपा पूर्ण बहुमत पर है। पंचायती राज अधिनियम के तहत जनपद अध्यक्ष , उपाध्यक्ष पद की नियुक्ति निर्वाचन पद्धति से की जायेगी। सर्वप्रथम जनपद अध्यक्ष के लिए निर्वाचन किया जाएगा। उसके बाद




जनपद उपाध्यक्ष पद की निर्वाचन प्रक्रिया प्रारंभ होगी। 6 मार्च गुरुवार को अध्यक्ष पद का निर्वाचन होगा। 11:05 से 11:50 बजे तक नाम निर्देशन प्राप्त करना, 11:50 से 12:05 बजे तक नाम निर्देशन पत्र की समीक्षा होगी । 12:05 से 12:15 बजे विधि मान्य एवं अविधिमान्य नाम निर्देशन पत्रों को पढ़कर सुनाया जाएगा। 12:15 से 12:25 बजे तक नाम निर्देशन तक वापस लेने का समय रहेगा। 12:25 से 12:50 तक मत पत्र तैयार करना तथा मतपेटी तैयार करना होगा। 12:50 से 1:20 तक मतदान, 1:20 से 1: 35 बजे तक मतगणना तथा 1:35 से 1:45 तक निर्वाचन विवरणी प्रारूप 5 तैयार कर परिणाम की घोषणा होगी।

इसी प्रकार उपाध्यक्ष पर निर्वाचन के लिए 2 से 2:45 तक नाम निर्देशन 2:45 से 3 तक नाम निर्देशन की समीक्षा 3:10 से 3:20 तक विधि मान्य एवं अविधिमान्य नाम निर्देशन पत्र को पढ़कर सुनाया जाएगा। 3:20 से 3:30 तक नाम निर्देशन वापस लेने का है। 3:30 से 3:55 तक मतपत्र एवं मतपेटी तैयार की जाएगी। 3:55 से 4:25 तक मतदान, 4:25 से 4:40 तक मतगणना, 4:40 से 4:50 तक निर्वाचन विवरणी प्रारूप 5 में तैयार कर 4:50 से 5 बजे तक निर्वाचन प्रमाण पत्र तैयार किया जाएगा।

### सरपंच-पंचों को कांग्रेसी नेता ने दिलाई शपथ

- ग्राम पंचायत डोमा का मामला, जांचकर कार्रवाई की मांग

**धमतरी।** प्रदेश की एक ग्राम पंचायत में पंच पतियों द्वारा शपथ लेने का मामला जहां सुर्खियां बटोर रहा है, वहीं धमतरी जिले की एक ग्राम पंचायत में सरपंच, पंचों को कांग्रेस नेता द्वारा शपथ दिलाने का मामला सामने आया है।

मामला ग्राम पंचायत डोमा का है। ग्रामीण जितेंद्र साहू ने कलेक्टर से शिकायत की है कि त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के बाद 3 मार्च को सरपंच पंचों का शपथ ग्रहण समारोह था। नियमानुसार ग्राम पंचायत सचिव द्वारा सरपंच और पंचों को शपथ दिलाई जाती है, लेकिन गांव के एक कांग्रेस नेता ने सचिव की मौजूदगी में उनके अधिकार का हनन करते हुए सरपंच, पंचों को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई है। शिकायतकर्ता ने कलेक्टर से जांच कर उचित कार्रवाई करने की मांग की है। इस मामले में जनपद सीईओ दीपक ठाकुर का कहना है कि कमेटी बनाकर इस मामले की जांच की जाएगी।

## अंचल की खबरें

### मुरा में हुआ शपथ ग्रहण समारोह



**जीजामगांव।** ग्राम पंचायत मुरा में नवनिर्वाचित सरपंच और पंचों ने देवतुल्य ग्रामीणों को साक्षी मानकर शपथ ग्रहण किया। सरपंच राकेश साहू समेत पंचगण धनेश्वरी, धीरज, कुंती नागर्ची, जयेश्वरी, माहेश्वरी, डाहुराम, युवराज, भुनेश्वर, तमेश्वरी, उषा, दुलारू, सुमेर, सरोजनी, तुलेश रिगरी, बसंत, राजकुमारी, कुंती साहू, सुनीता ने शपथ ली।

### कोर्रा में सरपंच एवं पंचों ने ली शपथ



**कोर्रा(भखारा)।** त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के बाद अब निर्वाचित हुए सरपंचों को प्रभार मिलना शुरू हो गया है। सोमवार को कुरूद क्षेत्र की विभिन्न पंचायतों में शपथ ग्रहण समारोह के साथ सरपंचों ने अपना-अपना प्रभार संभाल लिया। ग्राम पंचायत कोर्रा में पंचायत भवन में नवनिर्वाचित सरपंच यमुना मधुकर कामड़े को सचिव किशन पटेल ने पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। समारोह के बाद सरपंच यमुना कामड़े ने कहा कि वह पंचायत के एक-एक वार्ड का विकास करेंगी। सभी की समस्याओं का तत्काल समाधान कराने का प्रयास किया जाएगा। प्रत्येक हितग्राही को शासन की योजनाओं का लाभ दिया जाएगा। इस मौके पर ग्रामीणों के साथ भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### बैंक अधिकारियों ने ऋण प्रक्रिया की दी जानकारी



**नगरी।** ग्राम कुकरेल में पंजाब नेशनल बैंक द्वारा कृषि प्रसार योजना के तहत किसानों और महिला समूहों के लिए जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि नवनिर्वाचित जिपं पंचायत सदस्य अजय ध्रुव थे। इस दौरान किसानों को आय बढ़ाने के उपाय और केंद्र व राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के तहत बैंकों द्वारा दी जाने वाली ऋण सुविधाओं की जानकारी दी गई। मुख्य अतिथि श्री ध्रुव ने किसानों से सरकारी योजनाओं का अधिकतम लाभ उठाने का आह्वान किया। बैंक अधिकारियों ने ऋण प्रक्रिया की जानकारी दी।

### डीजी ट्रेनिंग अकादमी में फुटबॉल का दिया जा रहा निःशुल्क प्रशिक्षण



**बगदेही(धमतरी)।** डीजी ट्रेनिंग अकादमी कोर्रा में निःशुल्क आर्मी पुलिस भर्ती प्रशिक्षण दिया जाता है जिसमें युवा बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते हैं। अकादमी में अभी फुटबॉल का निःशुल्क प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रशिक्षक गुलशन साहू द्वारा बच्चों को शाम 5 से 7 बजे तक दो घंटे का निःशुल्क प्रशिक्षण दिया जा रहा हैं। इस प्रशिक्षण में सौरभ, हिमांशु, वाशु आशीष, पीतांबर उपस्थित थे। रिक्रेशन खेल के साथ फुटबॉल टिप्स दिए गए।

## अध्यक्ष सहित 15 पार्षद कल लेंगे शपथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मगरलोड

नगर पंचायत मगरलोड भैंसमुण्डी के नवनिर्वाचित अध्यक्ष एवं पार्षदों का 7 मार्च शुकवार को 11 बजे शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया है। जिसमें नवनिर्वाचित अध्यक्ष लीलेश सुरेश साहू के साथ वार्ड क्रमांक 1 की पार्षद दशोदा साहू, 2 के पार्षद बिदम चौहान, वार्ड 3 के यादराम गायकवाड, वार्ड 4 तुलसी राजू राव, वार्ड क्रमांक 5 के घनश्याम साहू, वार्ड 6 के पार्षद अशोक साहू, वार्ड 7 के पार्षद ईश्वरी सत्यनारायण साहू, वार्ड 8 के पार्षद ईश्वरचंद साहू, वार्ड क्रमांक 9 के पार्षद खिलावन साहू, वार्ड क्रमांक 10 के पार्षद जितेश्वरी लोम साहू, वार्ड कमाक 11 के पार्षद चेतन बिझेकर, वार्ड कमांक 12 के पार्षद सुरेश साहू, वार्ड 13 के पार्षद रूक्मणी तोरण सिन्हा, वार्ड क्रमांक 14 के पार्षद बिराजोबाई जयतु साहू,



वार्ड 15 के पार्षद हिरवानी ठाकुर शपथ ग्रहण करेंगे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सिहावा विधायक अबिका मरकाम होंगी। अध्यक्षता पूर्व विधायक लक्ष्मी ध्रुव, प्रभारी एवं पूर्व जिपं सदस्य तारिणी चन्द्राकर, जिला कांग्रेस अध्यक्ष शरद लोहाना, छाया सांसद कांकेर बीरेश ठाकुर, विशिष्ट अतिथि प्रथम नपं अध्यक्ष सुरेश साहू, पूर्व नपं अध्यक्ष नीतू खिलावन साहू होंगे। कार्यक्रम की तैयारी में नगर पंचायत के अधिकारी-कर्मचारी जुटे हैं।

## ग्राम भैंसबोड़ में नवनिर्वाचित सरपंच एवं पंचों ने ली शपथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंवरी

त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के बाद कुरुद ब्लाक अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायतों के निर्वाचित सरपंच और पंचों का शपथ ग्रहण कार्यक्रम 3 मार्च को हुआ। इसी कड़ी में ग्राम पंचायत भैंसबोड़ में भी शपथ ग्रहण हुआ। सचिव रामकुमार बंजारे ने निर्वाचित सरपंच गंगाबाई संतराम साहू और सभी 18 पंचों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई।

नवनिर्वाचित सरपंच ने पंचगणों एवं ग्रामवासियों को संबोधित करते हुए कहा कि हम सब दलगत भावना से दूर हटकर गांव को एकता के सूत्र में बांधकर ग्राम विकास के मुद्दों पर ध्यान देंगे। गांव की आर्थिक, सामाजिक समस्याओं के निदान में




अपनी सहभागिता प्रदान करेंगे। इस अवसर पर गंगाबाई साहू सरपंच, होमेंद्र साहू अध्यक्ष साहू समाज परिक्षेत्र सेमरा, शिवकुमार साहू, दुलरवाराम साहू, गोपीराम साहू पूर्व सरपंच, लक्ष्मण साहू, लक्ष्मेन्द्र साहू, नंदकुमार, नारायण साहू, पंचगण नागेश साहू, संतराम साहू, लोकेश्वर साहू, फग्गूराम साहू, संतोष ढीमर, लीलाधर कंवर, गजेंद्र साहू, अगसिया ध्रुव, लछनी ढीमर, यशोदा ढीमर, अनीता साहू, संगीता साहू, विद्या साहू, ज्योति धुरी, वत्सला साहू, उर्वशी तेली, रामकुमार बंजारे सचिव, डाकेश साहू रोजगार सहायक, डेमन साहू, लोकेश्वर साहू, ज्ञानिकराम, कुंवरलाल साहू, अजय साहू, नरसिंग साहू, संतोष नगारची कोटवार उपस्थित थे।

## हसदा में पंचायत सचिव ने दिलाई शपथ





हरिभूमि न्यूज ▶▶ मगरलोड

ग्राम पंचायत हसदा के नवनिर्वाचित सरपंच एवं पंचों को ग्राम पंचायत सचिव छबिलाल साहू द्वारा शपथ दिलाई गई। समारोह के मुख्य अतिथि होरीलाल साहू पूर्व मंडल अध्यक्ष मेघा थे। अध्यक्षता नवनिर्वाचित सरपंच श्रीमती ईश्वरी काशीराम साहू ने की। विशिष्ट अतिथि भाजपा जिला कार्यकारिणी सदस्य दुर्गेश यादव, विशेष अतिथि निवर्तमान सरपंच जगदीश साहू, शिवशंकर साहू, रोहित साहू, काशीराम साहू, बूथ अध्यक्ष मदन पाल, रोमेन्द्र साहू, शुभम नागरची, मनोज यादव, राकेश साहू, लोमेश वैष्णव, मनहरण पटेल, सीताराम साहू, सत्तू विश्वकर्मा थे।

## चरित्र निर्माण में मातृशक्तियों की बड़ी भूमिका

- अक्षर फाउंडेशन ने प्राथमिक शाला चटौद एवं सशिमं में बच्चों को पाठ्य सामग्री बांटी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जीजामगांव

देश का भविष्य हमारे बच्चों से ही है। उनके लालन पालन के साथ चरित्र निर्माण में भी मातृशक्ति की बहुत बड़ी जिम्मेदारी होती है। ईश्वर ने सृजन का कार्य और ममता का स्वाभाविक गुण माताओं को दिया है। ईश्वर के इस आशीर्वाद का सदुपयोग करते हुए हम अपने परिवार के साथ समाज के जरूरतमंद बच्चों को भी एक सही दिशा, समुचित शिक्षा और संस्कार देने का निरंतर प्रयास करें। सेवा में ही मानव जीवन की सार्थकता है। केवल अपने लिए जीना कोई जीना नहीं है। व्यक्ति के विकास से ही देश और विश्व का कल्याण संभव है। ये विचार अक्षर फाउंडेशन की स्वयंसेविकाओं और विहंगम योग संस्थान की महिला कार्यकर्ताओं ने व्यक्त किए।





ज्ञात हो कि अक्षर फाउंडेशन ने ग्राम चटौद के प्राथमिक शाला एवं सरस्वती शिशु मंदिर स्कूल में लगभग 52 बच्चों को पाठ्य सामग्री एवं अन्य उपहार का वितरण किया।

अक्षर फाउंडेशन सद्गुरु सदाफलदेव विहंगम योग संस्थान की मातृ शक्ति द्वारा संचालित सेवा संगठन है। यह बाल कल्याण की दिशा में कार्यरत हैं। साहू समाज के अध्यक्ष राजेश राम साहू ने कहा कि हमारे यहां ज्यादातर बच्चे समाज के अति पिछड़े तबके से आते हैं। यह कार्यक्रम न सिर्फ उनके लिए बहुत मददगार है, बल्कि इससे बच्चों का मनोबल भी बढ़ता है।

कार्यक्रम में नवनिर्वाचित सरपंच खेमचंद साहू, लीला साहू, डोमनसिंह साहू, गुलाबराम साहू, विहंगम योग के प्रचारक सेवकराम साहू, पुनर साहू, लक्ष्मी साहू, महालक्ष्मी बघेल, कल्याणी बघेल, कौशल चक्रधारी, हेमलाल साहू, धनंजय साहू, मिथिलेश साहू, विहंगम योग के जिला संयोजक टिकेश्वर साहू का सहयोग रहा।

## अंधविश्वासों को दूर कर तर्क के साथ जीवन जीने किया प्रेरित

- मगरलोड कालेज में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर पोस्टर प्रेजेंटेशन व क्विज प्रतियोगिता हुई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मगरलोड

यशवंत राव मेघा वाले शासकीय महाविद्यालय मगरलोड में प्राचार्य डॉ. प्रभा वेरुलकर के मार्गदर्शन में महाविद्यालय में 1 मार्च को राष्ट्रीय विज्ञान दिवस मनाया गया। पोस्टर प्रेजेंटेशन व क्विज प्रतियोगिता आयोजित की गई।




राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर प्राचार्य डॉ. वेरुलकर ने विद्यार्थियों को विज्ञान के प्रति समाज में जागरूकता पैदा करना एवं अंधविश्वासों को दूर कर तर्क के साथ जीवन जीने प्रेरित किया। विज्ञान के क्षेत्र में करियर पर भी जानकारी दी। भौतिक विज्ञान की सहायक प्राध्यापक निरूपा साहू ने राष्ट्रीय विज्ञान दिवस मनाने के औचित्य पर जानकारी प्रदान की। आगे कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम से विद्यार्थियों में वैज्ञानिक सोच विकसित होती है। विद्यार्थियों में विज्ञान के प्रति जागरूकता का विकास होता है। सीवी रमन के योगदान को याद किया। इस दौरान विद्यार्थियों द्वारा पोस्टर प्रेजेंटेशन का कार्यक्रम रखा गया। छात्र-छात्राओं ने विभिन्न आयामों पर पोस्टरों का निर्माण किया था। क्विज प्रतियोगिता के माध्यम से विद्यार्थियों में विज्ञान विषय के प्रति जागरूकता और जानकारी का आकलन किया गया। प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाले विद्यार्थियों को प्राचार्य द्वारा पुरस्कृत किया गया।

कार्यक्रम में वरिष्ठ सहायक प्राध्यापक डॉ. घनश्याम देवांगन, कौशलेश ध्रुव, डॉ रमा चंद्राकार, योगेश साहू, नीरज साहू, नेहा चंद्राकर, दीपक कश्यप, श्रीमती अनीता साहू, डॉ. सुशीला साहू, डॉ विनोद कुमार, सुषमा टंडन, अनीता साहू समेत महाविद्यालय के छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

### निधन : इंद्रजीतसिंह साहू

**कोर्रा-भखारा।** नगर पंचायत भखारा वार्ड क्रमांक 9 के प्रतिष्ठित नागरिक इंद्रजीतसिंह साहू (76)



सेवानिवृत्त प्रधानपाठक का आकस्मिक निधन मंगलवार की रात्रि को हो गया है। बुधवार को स्थानीय शांतिघाट में सामाजिक रीति-रिवाज के साथ अंतिम संस्कार किया गया। वे अरुण साहू रिटायर्ड सैनिक, दिलीप साहू शिक्षक, डॉ. कुलदीप साहू के पिताजी थे। उनके निधन पर अधिकारी कर्मचारी संगठन, पेंशनर्स एसोसिएशन ने गहरा दुख व्यक्त किया है।

गुप्त रोगी स्वयं मिलें
स्त्री पुरूष गुप्त रोग नपुंसकता, उत्तेजना कम होना, हस्तमैथुन द्वारा नसों में कमजोरी, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, गुप्त अंग का छोटापन, शुक्राणु की कमी, पेशाब में धातु जाना, पेशाब में जलन होना, शुगर से आई हुई सेक्स में कमी व पुराने से पुराने गुप्त रोगी संपर्क करें
संजीवनी आयुर्वेदिक दवाखाना
बस्तर रोड, अंबेडकर चौक, मानस डेली नीड्स के सामने, अंगारमोती मेडिकल स्टोर्स के ऊपर, धमतरी मो. 9174466336

Pride of Dhamtari

आनंद उत्सव
जियो पेट्रोल पंप के सामने, अर्जुनी, रायपुर रोड, धमतरी
संपर्क करें : परमानन्द सिन्हा 9560298043, 8178069165
पारिवारिक मांगलिक कार्य - विवाह, सगाई, जन्मदिन, वर्षगांठ, प्रशिक्षण कार्यक्रम, सेमीनार, प्रदर्शनी एवं कार पार्किंग की सुविधा उपलब्ध है

सूर्या किराया भंडार एवं केटरिंग
शुद्ध आहार शाकाहार
ऑफिस : पुराना बस स्टैण्ड, धमतरी
धमतरी: निगम सामुदायिक भवन, राखेचा भवन
भवन सुविधा उपलब्ध: 94063-16777, 73890-66777
शांतिपुर पुरूर: सूर्या मैरिज ग्राउण्ड, राजवीर वाटिका
शादी, सगाई, बर्थडे एवं अन्य समारोह हेतु डेकोरेशन फ्लावर, लाईट, भवन, भोजन सभी सुविधा उपलब्ध है

विज्ञापन के लिए संपर्क करें :- हरिभूमि
धमतरी - 98261-14710, 75873-71999, कुरुद - 98268-82770, नगरी -75818-01429
मगरलोड - 97526-17538, सिर्री - 99261-66875, जीजामगांव - 95754-57523, अंवरी-97535-23273
राजधानी मार्ग, मसीही चिकित्सालय के सामने, धमतरी फोन : 07722-357201

## अंचल की खबरें

### आमदी के नवनिर्वाचित अध्यक्ष एवं पार्षदों ने ली शपथ



**आमदी(धमतरी)।** स्कूल चौक आमदी में नगर पंचायत आमदी के नवनिर्वाचित अध्यक्ष श्रीमती ज्योति मुरलीधर साहू एवं पार्षदों को अनुविभागीय अधिकारी (रा.) द्वारा पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई गई। शपथ लेने वाले पार्षद त्रिभुवन मटियारा, नारायण ढीमर, कोमल यादव, श्रीमती लक्ष्मी जितेन्द्र पटेल, उमानंद कुम्भकार, जागेश्वर नेताम, श्रीमती सुनीता साहू, श्रीमती संतोषी साहू, श्रीमती सरिता साहू, किरण साहू, जहजीत छबलू साहू हैं। शपथ ग्रहण समारोह के अतिथि जगदीश रामू रोहरा महापौर धमतरी, नेहरू निषाद अन्य पिछड़ा वर्ग, श्रीमती रंजना साहू पूर्व विधायक धमतरी, प्रकाश बैस जिलाध्यक्ष, विकल गुप्ता चुनाव प्रभारी, अवनेन्द्र साहू सहप्रभारी, अविनाश दुबे जिला महामंत्री, अमन राव मंडल अध्यक्ष आमदी, हेमन्त माला पूर्व अध्यक्ष नगर पंचायत आमदी थे।

### निषाद समाज के सम्मान समारोह में महापौर हुए शामिल



**धमतरी।** श्री अंगारमोती रूद्रेश्वर क्षेत्रीय निषाद समाज द्वारा सम्मान समारोह का आयोजन निषाद समाज छात्रावास भवन दानीटोला भवन में किया गया था। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महापौर रामू रोहरा थे। अन्य अतिथि पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष नेहरु निषाद, दानीटोला वार्ड पार्षद अज्जू देशलहरे, संजय देवांगन जालमपुर वार्ड पार्षद थे। श्री रोहरा ने कहा कि निषाद समाज में प्रतिभाओं की कमी नहीं है। निषाद समाज जागरूक समाज की श्रेणी में आता है। महापौर ने प्रतिभाशाली बच्चों को प्रशस्ति पत्र प्रदान किया।

### रोजगार सहायक ने सरपंच एवं पंचों को दिलाई शपथ



**धमतरी।** ग्राम पंचायत कलारतराई में सोमवार को पंचायत भवन परिसर में नवनिर्वाचित पंच, सरपंचों का शपथ समारोह रखा गया। वहीं पूर्व सरपंच और पंचों को विदाई दी गई। रोजगार सहायक तरुण सेन ने नवनिर्वाचित सरपंच कुलदीप ध्रुवको पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। तत्पश्चात 16 पंचों को एक साथ शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर पूर्व सरपंच लवणकिशोर साहू, पूर्व सरपंच दुलेश निर्मलकर, देवीसिंह ध्रुव, निर्मल कुमार साहू, माधवेंद्र साहू, रविप्रकाश सेन, रूपेश साहू, विष्णु साहू, डागेंद्र साहू, भीखम निर्मलकर, राम कुमारी साहू, गयाबाई ध्रुव, पुष्पा बाई सिन्हा, भोजबाई साहू, रामकुमारी, धनेश्वरी सिन्हा, टोमिन निर्मलकर, कुंती बाई साहू, सुशीला साहू सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

### नवागांव के पंचायत प्रतिनिधियों ने ली शपथ



**सिर्री।** ग्राम पंचायत नवागांव (थुहा) के पंचायत भवन में नवनिर्वाचित सरपंच एवं पंचों का शपथ ग्रहण समारोह हुआ। नवनिर्वाचित सरपंच प्रमिला साहू ने शपथ ली कि सरपंच पद में निर्वाचन होने के फलस्वरूप छत्तीसगढ़ पंचायत राज अधिनियम 1993 में प्रावधानों के अनुरूप सौंपे गए दायित्वों का शुद्ध अंतः करण से भय या पक्षपात के बिना सम्यकरुपेण निर्वहन करेंगे। साथ ही जनकल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन में अपनी सर्वोत्तम क्षमता विधिसम्मत कार्य करेंगे। पंचगण भामा साहू, यामिनी साहू, भूपेंद्र तारक, सुनीता साहू, तरुण साहू, पेमन साहू, सुनीता साहू, सुरेंद्र साहू, पांचो बाई साहू, मंजु बाई सतनामी, वर्षा बाई, घटोत्कछ लहरे को भी ग्राम पंचायत क्षेत्र में स्वच्छता बनाए रखने पर्यावरण एवं जल संग्रहण के कार्यों सहित कुपोषण मुक्ति अभियान में सहयोग करने की शपथ दिलाई गई। मौके पर वीरेंद्र साहू, घनश्याम साहू, नरेंद्र साहू, रेखलाल, कैलाश साहू, प्रभु राम, मनहरन साहू, इकेश्वर, राजेश, मनीष, देवगण साहू, पूर्व सरपंच सरोज साहू समेत अन्य ग्रामीण उपस्थित थे।

### ग्राम के विकास को नया आयाम देने संकल्पित हुए सरपंच-पंच



**जीजामगांव।** कोटगांव ग्राम पंचायत भवन में नवनिर्वाचित सरपंच और पंचों का शपथ ग्रहण समारोह हुआ। सरपंच उषा जितेन्द्र ध्रुव सहित 10 वार्डों के पंचगणों ने शपथ ली और ग्राम के विकास को नया आयाम देने के लिए संकल्पित हुए। सरपंच उषा जितेन्द्र ध्रुव ने कहा कि हम सब दलगत भावना से दूर हटकर गांव को एकता के सूत्र में बांधकर ग्राम विकास के मुद्दों पर ध्यान देंगे। नवनिर्वाचित पंच वार्ड क्रं 1 सेवकुमारी भारती, वार्ड क्रं 2 सीताराम टंडन, वार्ड क्रं 3 बिंदु मार्कण्डेय, वार्ड क्रं 4 दयाराम साहु, वार्ड क्रं 5 हरीश साहु, वार्ड क्रं 6 गणेशराम ध्रुव, वार्ड क्रं 7 प्रीति साहु, वार्ड क्रं 8 शैलेश साहु, वार्ड क्रं 9 सावित्रीबाई ध्रुव, वार्ड क्रं 10 शैल यादव को सचिव भूपेन्द्र नेताम ने पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। इस अवसर पर नवनिर्वाचित जिपं सदस्य गौकरण साहू, जपं सदस्य चंदशेखर साहू, पूर्व जिपं सदस्य सुमन संतोष साहू, कीर्तन ध्रुव, सेऊक ध्रुव, संतोष साहु, किशन नेताम, गिरेन्द्र साहू, भोजराम साहु, कामतादास, गुलाबराम साहु, पुरन बारले, गैंद ध्रुव, रामू साहु, अशोक साहु, मालिक साहु, भोपेंद ध्रुव, आशा यादव, टोमिन साहू, लीला बंजारे, धनीराम साहू, ईसूप साहू, बिहारी साहू, उत्तम साहू, जीवराखन साहू, खूबलाल साहू, रोजगार सहायक ईश्वरी जांगड़े और आपरेटर मनीष साहू, भृत्य बलदाऊ यादव उपस्थित थे।

■ कोटगांव में पंचायत प्रतिनिधियों ने ली शपथ

### निधन : कार्तिक राम साहू



**धमतरी।** ग्राम भाठागांव कुरूद निवासी कार्तिक राम साहू 84 साल का निधन हो गया। वे महेंद्र साहू, गजेंद्र साहू प्रशिक्षण अधिकारी के पिता थे। उनकी अंतिम यात्रा में स्वजन और ग्रामीण शामिल हुए।

## यह है बहुमत का आंकड़ा : भाजपा के पास 22 तो कांग्रेस के खाते में 3 ही हैं निर्वाचित जनपद सदस्य

# आज कुरुद जनपद में होगा अध्यक्ष-उपाध्यक्ष का चुनाव



**कुरूद।** जनपद पंचायत कुरुद के सभाकक्ष में जनपद अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष का चुनाव होगा। इसके लिए एसडीएम नभसिंह कोसले को पीठासीन एवं तहसीलदार दुर्गा साहू को सहायक पीठासीन अधिकारी बनाया गया है। जनपद अध्यक्ष की सीट अनारक्षित महिला वर्ग के लिए आरक्षित है। यहां ओबीसी वर्ग से अध्यक्ष बनने की संभावना दिख रही है इसलिए उपाध्यक्ष किसी भी संवर्ग से बन सकता है। उक्त दोनों पदों को लेकर राजनीतिक गलियारों में प्रमुख रूप से दो-दो नामों की चर्चा है। 6 मार्च को सुबह 11 बजे से चुनाव की प्रक्रिया प्रारंभ हो जायेगी। सर्वप्रथम 25 जनपद सदस्य दोपहर 1 बजे अध्यक्ष पद के लिए वोट डालेंगे। मतगणना पश्चात निर्वाचित अध्यक्ष 24 सदस्यों के साथ उपाध्यक्ष पद के लिए शाम 4 बजे मतदान करेंगे। मतगणना के बाद निर्वाचित अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष को प्रमाण-पत्र भी दिया जायेगा। चूंकि 25 सदस्यों वाली जनपद के परिषद के लिए भाजपा के पास 22 जनपद सदस्यों का बहुमत से ऊपर का आंकड़ा है तो वहीं कांग्रेस के खाते में केवल 3 ही है। ऐसे में तय है कि अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष भाजपा से ही बनेगा लेकिन इससे पहले जनपद अध्यक्ष व उपाध्यक्ष का ताज किसके सिर सजेगा, इसे लेकर चर्चाओं का बाजार गर्म है। उक्त दोनों पदों के लिए अब तक जो नाम छनकर सामने आया है वह एक ही क्षेत्र भखारा मंडल से आ रहा है। ऐसे में ब्लाक स्तरीय संतुलन बिठाने भखारा के अलावा कुरुद व सिर्री से भी किसी एक पद के लिए नाम तय हो जाये इसे नकारा नहीं जा सकता है।

**दोनों ही पद के लिए भाजपा से दो-दो नामों की है चर्चा**


सिंधु बैस


गीतेश्वरी साहू


सतीश जैन


आनंद यदु


लिली श्रीवास

### क्या है संभावितों अध्यक्षों की राजनीतिक पृष्ठभूमि

जनपद अध्यक्ष के लिए सबसे ज्यादा अगर किसी के नाम की चर्चा है तो वह है सिंधु बैस जो क्षेत्र क्रमांक 6 से निर्वाचित होकर आई हैं। श्रीमती बैस इससे पूर्व सरपंच, दो बार जनपद सदस्य व एक बार जनपद अध्यक्ष की कमान संभाल चुकी हैं। इतना ही नहीं वह एक बार जिपं सदस्य भी निर्वाचित हो चुकी हैं। वरिष्ठता के दृष्टिकोण से इसे पार्टी संगठन के लोग सुलझे व अनुभवी बता रहे हैं इसलिए सिंधु का नाम संभावितों की सूची में सबसे आगे है। दूसरा नाम क्षेत्र क्रमांक 1 से निर्वाचित सदस्य गीतेश्वरी साहू का है जो भाजपा भखारा मंडल से महिला मोर्चा की अध्यक्ष भी हैं। कुरुद विधानसभा क्षेत्र साहू बाहुल्य होने के कारण जातिगत समीकरण के आधार पर अध्यक्ष पद के लिए इनका भी नाम संभावितों की श्रेणी में प्रमुखता से लिया जा रहा है। ऐसे में अगर अध्यक्ष की कुर्सी इस बार भी साहू समाज को जाता है तो गीतेश्वरी साहू को अध्यक्ष बनाया जा सकता है।

### उपाध्यक्ष पद के लिए भी एक ही क्षेत्र से दो नाम

उपाध्यक्ष पद के लिए जिन दो नामों की चर्चा है वह भी भखारा मंडल क्षेत्र से ही आ रहे हैं। पहला नाम क्षेत्र क्रमांक 2 से निर्वाचित सदस्य सतीश जैन का है जो इससे पहले दो बार जनपद सदस्य निर्वाचित होकर एक बार सभापति के पद पर आसीन हो चुके हैं। इसके साथ ही पार्टी संगठन में वे बड़े चेहरे के रूप में गिने जाते हैं। चूंकि वे सामान्य वर्ग से आते हैं और आरक्षण के चलते 10 साल में उन्हें एक बार ही चुनाव लड़ने का मौका मिल पाता है इसलिए उपाध्यक्ष पद के लिए उनकी तगड़ी दावेदारी दिख रही है। दूसरा नाम क्षेत्र क्रमांक 18 से निर्वाचित सदस्य आनंद यदु का है जो दो बार के सरपंच के साथ भाजपा मंडल अध्यक्ष जैसे बड़े पद पर आसीन रह चुके हैं। पार्टी संगठन में उनका चेहरा अनवरत निष्ठा से काम करने वाले सहज, सरल व्यक्ति के रूप में है। चूंकि किसी भी दल को सत्ता के साथ साथ संगठन को मजबूत करने वाले व्यक्ति की भी जरूरत रहती है। इस दृष्टिकोण से आनंद को भी उपाध्यक्ष पद के लिए उपयुक्त मान रहे हैं।

### क्षेत्रीय दृष्टिकोण से असमंजस की स्थिति बनी

सूत्रों से मिली जानकारी अनुसार कुरुद जनपद को भाजपा तीन मंडलों में बांटकर कार्य करती है जिसमें कुरुद, भखारा व सिर्री शामिल हैं। यदि अध्यक्ष का ताज भखारा क्षेत्र को मिलता है तो क्षेत्रीय संतुलन बनाये रखने उपाध्यक्ष की कुर्सी कुरुद या सिर्री मंडल से निर्वाचित सदस्यों को दी जा सकती है। जिसमें निर्वाचित सदस्य क्षेत्र 8 से रूमान कुर्रे, 11 से महेश ध्रुव, 13 से टेकराम साहू, 14 से दिलीप चक्रधारी, 17 से हिमांशु साहू, 20 से अनुराग साहू, 21 से चंदशेखर साहू व 25 से ठाकुर राम साहू के नाम पर मुहर लग सकती है। हालांकि इससे पहले भी भखारा क्षेत्र से अध्यक्ष व उपाध्यक्ष का पद दिया जा चुका है। ऐसे में सतीश जैन व आनंद यदु के नाम पर असमंजस की स्थिति बनी हुई है व मंथन जारी है।

### अध्यक्ष पद के लिए कांग्रेस से भी है दावेदारी

25 जनपद सदस्यों में से तीन सीटों पर निर्वाचित होकर आई कांग्रेस पार्टी से भी अध्यक्ष पद के लिए दावेदारी की जा रही है। क्षेत्र क्रमांक 19 से निर्वाचित सदस्य लिली श्रीवास ने अध्यक्ष पद के लिए अपना नामांकन दाखिल करने की बात कही है। इसके लिए वे अन्य निर्वाचित सभी भाजपा-कांग्रेस के सदस्यों को अपने लिए वोट करने की अपील कर रही है। सुश्री लिली बेहद कम उम्र की सदस्य हैं। वर्तमान में युकां की प्रदेश प्रवक्ता हैं साथ ही राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा में साथ दिखाई दी है। हालंकि दलगत दृष्टि से उनके पास बहुमत का अभाव है। बावजूद भाजपा को वॉकओवर न देकर मैदान में उतरने की बात कही है। अब नामांकन के बाद ही पता चल पायेगा कि भाजपा से निर्विरोध अध्यक्ष-उपाध्यक्ष बनता है या चुनाव से चुनकर आयेंगे।

## सिवनीकला में नवनिर्वाचित सरपंच और पंचों को दिलाई गई शपथ



हरिभूमि न्यूज ⏭ सिर्री

ग्राम पंचायत सिवनीकला में नवनिर्वाचित सरपंच लता जितेश्वर ध्रुव सहित वार्ड के नवनिर्वाचित पंचों को हार गुलाल लगाकर सम्मान किया गया। उन्होंने शपथ ली कि छत्तीसगढ़ पंचायत राज अधिनियम 1993 में प्रावधानों के अनुरूप सौंपे गए दायित्वों का भय या पक्षपात के बिना सम्यकरुपेण निर्वहन करेंगे। वार्ड के पंचगणों चंद्रकिरण तारक, कुसुम पटेल, सुषमा साहू, किशन पटेल, ममता सेन, अंकुश चंद्राकर, निर्मलाबाई, रेणुका कुर्रे, हेमशंकर बंजारे, पूनम साहू, धनराज निर्मलकर, सरस साहू, राधिका पटेल, दीपदान साहू, गीता ध्रुव, लोमश साहू, कृष्ण कुमार तारक, गायत्री साहू, सुरेश साहू, गायत्री साहू को ग्राम पंचायत सिवनीकला के सचिव वेदप्रकाश साहू ने शपथ दिलाई। जल संग्रहण के कार्यों सहित कुपोषण मुक्ति अभियान में सहयोग करने, पर्यावरण संरक्षण करने, स्वच्छता बनाए रखने आदि की शपथ दिलाई गई।

शपथ ग्रहण समारोह में नवनिर्वाचित जनपद सदस्य टेकराम साहू, दाऊ टकेश्वर चंद्राकर, सुशील साहू पूर्व जनपद सदस्य, चंद्रप्रकाश साहू सोसाइटी अध्यक्ष, मेनका विक्रम साहू पूर्व सरपंच, दिलीप साहू, कुंजीलाल, निर्मल पाल, खिलावन चंद्राकर, रामेश्वर साहू, मिस्त्री निर्मलकर, दिलेश्वर साहू, छबि पाल, द्वारिका, पूर्व सरपंच ईश्वर साहू, डॉ कपिल पटेल, डॉ. सुरेश तारक ग्राम पटेला, बोधन साहू, बोधन पटेल, गिरधर, संतराम साहू, बीसहत मंडल, गंभीर प्रसाद, काशी साहू ग्रामीण अध्यक्ष, तेजराम साहू ग्रामीण कोषाध्यक्ष, काशी तारक, राजकुमार, डीलेन्द्र यादव, बालाराम पटेल, पुरुषोत्तम पटेल, ललित पटेल, चुरामण कुर्रे, ओमप्रकाश डहरिया, नीलकमल सहित अन्य ग्रामीण उपस्थित थे।

## भागवत मात्र एक ग्रंथ नहीं, बल्कि भगवान श्रीकृष्ण का दिव्य स्वरूप है : जय महाराज



■ उमरगांव में सात दिवसीय श्रीमद्भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ का समापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी

ग्राम उमरगांव के बाजार चौक में ग्रामवासियों के सहयोग से सात दिवसीय श्रीमद्भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ का आयोजन किया गया। इस आध्यात्मिक अनुष्ठान में श्रद्धालुजनों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और भक्ति रस में सराबोर हो गए। आचार्य जय महाराज शर्मा ने अपनी दिव्य वाणी से श्रद्धालुओं को भगवान श्रीकृष्ण की लीलाओं का संजीव चित्रण कराया। आगे कहा कि भागवत मात्र एक ग्रंथ नहीं, बल्कि यह भगवान श्रीकृष्ण का दिव्य स्वरूप है। इसका श्रवण करने से जीवन के समस्त दुख समाप्त होते हैं। श्रीमद्भागवत से हमें धर्म, भक्ति, ज्ञान और वैराग्य का अमूल्य संदेश प्राप्त होता है। उन्होंने विशेष रूप से प्रह्लाद चरित्र, ध्रुव कथा, श्रीकृष्ण जन्मोत्सव, गोवर्धन पूजा, रुक्मिणी विवाह, सुदामा चरित्र, श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं का वर्णन किया। कथा के दौरान भजनों और प्रवचनों से वातावरण भक्तिमय बना रहा। प्रतिदिन भंडारे का आयोजन किया गया। सप्ताह भर चली कथा के अंतिम दिवस महाआरती एवं पूर्णाहुति यज्ञ का आयोजन किया गया, जिसमें श्रद्धालुओं ने गंगाजल एवं फूल अर्पित कर भागवत की पूजा की।

श्रीमद्भागवत कथा के समापन पर महाराज ने कहा कि जो कोई भी श्रद्धा पूर्वक इस कथा का श्रवण करता है, उसके समस्त कष्ट दूर होते हैं और उसके जीवन में आध्यात्मिक सुख-समृद्धि का संचार होता है। उन्होंने सभी भक्तों को जीवन में सत्कर्म, भक्ति, सेवा और परोपकार का मार्ग अपनाने का संदेश दिया।

## विष्णु सरकार के बजट में विकसित छग का विजन : अनुराग



**जीजामगांव।** भाजपा के नवनिर्वाचित जनपद सदस्य अनुराग साहू ने विधानसभा में विष्णुदेव साय सरकार का बजट जारी होने पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि विष्णु सरकार के बजट में विकसित छग का विजन दिखाई दे रहा है, जिसमें पहले बजट में शिक्षा पर ध्यान दिया गया था और इस बजट में छग के विकास की गति को आगे बढ़ने पर ध्यान दिया गया है। 2025 का यह बजट छग के विकास का बजट सिद्ध होगा। इसमें छग के सभी संभागों को ध्यान में रखते हुए विकास की नया बजट पेश किया गया है। पेट्रोल के वेट में कटौती, कर्मचारियों को तोहफा दिए, पेंशन फंड में निवेश, नवीन भारत रक्षित वाहनी का गठन, स्कूलों और कॉलेजों में शिक्षकों की भर्ती, बस्तर क्षेत्र में विभिन्न विकास कार्यों का प्रावधान, डेयरी विकास, समग्र योजना में फण्ड का प्रावधान, कृषि पंपों के निःशुल्क विद्युत प्रदाय हेतु योजना का शुभारंभ, शहरी व ग्रामीण क्षेत्र में आंगनबाड़ी केंद्रों में विस्तार समेत अनेक सौगात दी गई है। श्री साहू ने कुरुद में नर्सिंग कालेज को बजट में शामिल करने पर कुरुद विधायक अजय चंद्राकर व मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का आभार माना।

### छत्तीसगढ़ के विकास को गति देने वाला बजट : शुभम

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

छत्तीसगढ़ स्थापना वर्ष के रजत जयंती वर्ष पर विष्णुदेव साय सरकार का दूसरा बजट प्रदेश के वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने प्रस्तुत किया है। एबीवीपी के पूर्व केंद्रीय कार्यसमिति सदस्य और प्रदेश मंत्री शुभम जायसवाल ने कहा कि यह बजट निश्चित रूप से अपनी मूल भावना और थीम को प्रदर्शित करते हुए छत्तीसगढ़ के विकास को गति प्रदान करेगा। आगे कहा कि यह कर्मचारी, पत्रकार, युवा, महिला सभी को ध्यान में रखते हुए लाया गया बजट है। इस बजट से छत्तीसगढ़ में गुड गवर्नेंस, इंफ्रास्ट्रक्चर ग्रोथ, टेक्नोलॉजी ग्रोथ, इंडस्ट्रियल ग्रोथ में वृद्धि होगी। प्रदेश में 2 नए मेडिकल कॉलेज, 12 नए नर्सिंग कॉलेज, 6 नए फिजियोथैरेपी कॉलेज निर्माण से शिक्षा जगत को एक नई दिशा तो मिलेगी ही साथ ही विभिन्न आईटीआई और 24 पॉलीटेक्निक कॉलेज के उन्नयन से लंबे समय से बहुतिक्षित मांग भी पूरी होने जा रही है। 17 नए नालंदा परिसर, 20 हजार नई भर्तियां, पशु चिकित्सालय, मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना को दी जाने वाली 26 करोड़ से छत्तीसगढ़ के कौशल और प्रतियोगी छात्रों को विशेष अवसर मिलेंगे।



■ प्रदेश के साथ धमतरी जिले को भी मिलेगा विशेष लाभ

### 3 प्रतिशत डीए वृद्धि का स्वागत लेकिन मोदी की गारंटी के अनुरूप नहीं

**धमतरी।** छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष डॉ भूषण लाल चंद्राकर ने कहा है कि छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा बजट में शिक्षकों व कर्मचारियों को मार्च 2025 से 3 प्रतिशत महंगाई भत्ता देने की घोषणा स्वागतेय है, किन्तु महंगाई भत्ता के लंबित एरियर्स को सीजीपीएफ में जमा किया जाना था। शिक्षक व कर्मचारियों की भर्ती व शिक्षा उन्नयन के लिए पीएमश्री शाला उन्नयन की घोषणा सकारात्मक है। एलबी संवर्ग के शिक्षकों को पेंशन हेतु पूर्व सेवा की गणना करने व सरकार से मोदीजी के गारंटी के तहत सहायक शिक्षकों की वेतन विसंगति दूर करने, एलबी संवर्ग को क्रमोन्नत, समयमान वेतनमान प्रदान करने, शिक्षक समतुल्य वेतनमान में सही वेतन का निर्धारण कर 1.86 के गुणांक वेतन निर्धारण करने सहित कैशलेश चिकित्सा सुविधा की उम्मीद थी जो पूरी नहीं हुई।



## देवांगन समाज सिर्री मंडल का वार्षिक सम्मेलन हथबंद में हुआ

## महिलाओं, युवतियों ने पीले वस्त्र धारणकर निकाली कलशयात्रा, जयकारे के साथ गांव का किया भ्रमण

■ कलश, रंगोली सजाओ स्पर्धा के विजेता एवं प्रतिभावान विद्यार्थी हुए पुरस्कृत

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिर्री





देवांगन समाज सिर्री मंडल का वार्षिक सम्मेलन एवं मां परमेश्वरी महोत्सव का आयोजन ग्राम इकाई हथबंद में हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ माता परमेश्वरी की पूजा, आरती एवं जयकारे के साथ की गई। पश्चात पदाधिकारियों एवं ग्राम प्रमुखों का हार गुलाल से स्वागत किया गया। दर्जनों सामाजिक महिलाओं, युवतियों ने पीला वस्त्र धारणकर कलशयात्रा निकाली और माता के जयकारे के साथ पूरे गांव में भ्रमण किया।

वार्षिक सम्मेलन के दौरान ग्राम चारभाठा से शकुंतला रूपचंद देवांगन नवनिर्वाचित जनपद सदस्य क्षेत्र क्रमांक 12 एवं चंद्रकला देवांगन नवनिर्वाचित सरपंच चारभाठा और मेमचंद देवांगन पंच चारभाठा, हृदय देवांगन पंच सिर्री, कैलाश देवांगन पंच सिर्री को सिर्री मंडल देवांगन समाज द्वारा शॉल श्रीफल से सम्मानित किया गया। वहीं वरिष्ठ नागरिक मुरलीधर देवांगन चारभाठा, पुसऊ देवांगन, जगन्नाथ देवांगन, रामकली देवांगन, कौशिल्या देवांगन, धनेश्वरी देवांगन, भानुप्रताप देवांगन का भी सम्मान किया गया। कलश सजाओ, रंगोली सजाओ स्पर्धा के विजेता एवं प्रतिभावान विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया। सिर्री मंडल के वार्षिक आय- व्यय की जानकारी मंडल सचिव विष्णु देवांगन द्वारा दी गई। कार्यक्रम के अतिथि धमतरी मंडल अध्यक्ष जगदीशचंद्र देवांगन, कोमल देवांगन युवा मंडल अध्यक्ष, जयप्रकाश देवांगन उपाध्यक्ष, खुशबू देवांगन महिला संगठन अध्यक्ष, पुष्पलता देवांगन सचिव को शॉल, श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया।

वार्षिक सम्मेलन में मंडल उपाध्यक्ष चंद्रकुमार देवांगन, संरक्षक सुखराम देवांगन, सचिव विष्णुराम देवांगन, कोषाध्यक्ष संतकुमार देवांगन, सलाहकार चुन्नीलाल देवांगन, केजूराम देवांगन, मुरलीधर देवांगन, धनेश देवांगन, संगठन सचिव कोमल देवांगन, सह सचिव दीनानाथ देवांगन, मीडिया प्रभारी पामेश देवांगन, युवा संगठन अध्यक्ष देवेंद्र देवांगन, उपाध्यक्ष लिनेंद्र देवांगन, संरक्षक गोवर्धन देवांगन, सलाहकार संतोष देवांगन, बीरेंद्र देवांगन, कोषाध्यक्ष गौरव देवांगन, रिसीव सुशील देवांगन, सहसचिव अरुण देवांगन, अभिजीत देवांगन, महिला संगठन अध्यक्ष रेणुका देवांगन, संरक्षक लीला देवांगन, उपाध्यक्ष रेणुका देवांगन, सलाहकार रमला देवांगन, पार्वती देवांगन, कोषाध्यक्ष कल्पना देवांगन, सचिव धनेश्वरी देवांगन, मीना देवांगन शामिल रहे।

### खरतुली के छात्रों ने किया शैक्षणिक भ्रमण

**धमतरी।** रविवार को प्राथमिक शाला खरतुली के 48 छात्रों ने सांस्कृतिक, ऐतिहासिक, धार्मिक एवं उनके पाठ्यक्रम में पाठों को मूर्त रूप में अवलोकन करने के लिए विद्यालय के प्रधानपाठक दीनबंधु सिन्हा के मार्गदर्शन में शैक्षणिक भ्रमण किया। छात्रों को राजिम, चम्पारण एवं मुक्तांगन का भ्रमण कराया गया। सभी छात्रों ने अवलोकन के पश्चात यात्रा वृतांत लिखा।

HEALTH TOWN
अहलूवालिया हॉस्पिटल
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, प्रभाट टॉकीज के पास, स्टेशन रोड रायपुर
0771-4050006, 81031 28515
डॉ. एस.के. अहलूवालिया M.B.B.S., DLO
डॉ. गौरव अहलूवालिया M.B.B.S., D.N.B.-ENT, M.N.A.M.S.
नाक,कान, गला विभाग
● सिर, मुख एवं गले का कैन्सर।
● ऑपरेशन द्वारा ईलाज
● नाक की प्लास्टिक सर्जरी
चक्कर की जाँच
एलर्जी
Dental & Consmetic Treatments
● टेड़े मेढ़े दांतो को सीधा करना
● दांतो की नसों का इलाज
● दांतों की सफाई व चमकाना
● दंत प्रत्यारोपण
● मुंह के कम खुलने का इलाज
(Hearing Aids) सुनाई मशीन
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

### आम सूचना

सर्व साधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने तेजस्वी देवांगन एवं राकेश कुमार देवांगन दोनों पिता श्री भोलाराम देवांगन दोनों विंध्यविहार कालोनी विंध्यवासिनी वार्ड धमतरी तहसील व जिला-धमतरी (छ.ग.) से उनके स्वत्व एवं धारण की भूमि स्थित ग्राम अछोटा प.ह.नं. 43 तहसील व जिला-धमतरी में स्थित भूमि खसरा नंबर 593/1 रकबा 0.155 हे. जिसके उत्तर दिशा में मुख्य मार्ग सिहावा रोड, दक्षिण दिशा में प्रीतमलाल पिता तुकाराम की भूमि, पूर्व दिशा में मनोज सेठिया की भूमि एवं पश्चिम दिशा में मोहम्मद ईरफान पिता मो. युसुफ अली की भूमि को क्रय करने का सौदा किया गया है जिसकी पंजीयन की कार्यवाही अतिशीघ्र करायी जावेगी। विक्रेता द्वारा उपरोक्त भूमि को ओमप्रकाश पिता किसुनराम साहू, जैनुद्दीन पिता कमरूद्दीन एवं अनुप कुमार साहू पिता बंशीलाल साहू से पंजीकृत विक्रय पत्र दिनांक 30.10.2023 को क्रय किया गया है एवं भूमि को क्रय करते समय बिक्रीत भूमि का खसरा नंबर 593 का भाग था जो नामांतरण के पश्चात खसरा नंबर 593/1 दिया गया है।

अतः उपरोक्त भूमि के संबंध में किसी भी व्यक्ति, सीमावर्ती भूमि स्वामी, संस्था, निकाय, शासकीय, अर्द्धशासकीय बैंक, ग्राम पंचायत आदि को उक्त संपत्ति पर किसी भी प्रकार का कोई दावा आपत्ति करना हो तो इस आम सूचना के प्रकाशन के 15 दिनों (पन्द्रह दिन) के अंदर अपने स्वामित्व संबंधित संपूर्ण दस्तावेज सहित स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से मेरे कार्यालय में आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं, समयावधि के पश्चात किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी एवं मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नहीं होगा एवं मेरा पक्षकार हर प्रकार के विवादों से मुक्त मानकर अपने पक्ष में उपरोक्त भूमि का पंजीयन करा लेवेगा ।

अतः यह आम सूचना सद्भावना पूर्वक प्रकाशित करायी जा रही है।

दिनांक :-06.03.2025

**मनोहर लच्छवानी**
**अधिवक्ता**
**भगवती बेकरी के पास, विमल टॉकिज रोड धमतरी जिला-धमतरी (छ.ग.)**
**पिन नंबर 493773**

**खबर संक्षेप**




## हमर क्लिनिक को शीघ्र प्रारंभ करने की मांग

**धमतरी।** गोकुलपुर वार्ड में विगत 6 माह से सर्व सुविधा युक्त हमर क्लिनिक बनकर तैयार है फिर भी अभी तक किराए के मकान में संचालित हो रहा है जिससे शासन का व्यर्थ पैसा खर्च हो रहा है। इस ओर जिम्मेदार अधिकारी ध्यान नहीं दे रहे हैं। वार्ड के पार्षद गजेन्द्र कंवर, पूर्व पार्षद महेश साहू, देवलाल साहू, अयोध्या साहू, देवनाथ यदु, मेघराज यदु, सतीश साहू, गैंदू यादव, सरजू साहू ने शासन से शीघ्र ही लोकार्पण कर क्लिनिक को शिफ्ट करने की मांग की है।

## बजट में जिले को मिली विशेष सौगात : दमयंती

**धमतरी।** पूर्व जिला पंचायत सदस्य श्रीमती दमयंती साहू ने कहा कि



छत्तीसगढ़ की जनता के लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव एवं वित्त मंत्री ओपी चौधरी की सरकार ने भारतीय इतिहास में सर्वप्रथम हस्तलिखित बजट प्रस्तुत किया। बजट में गरीब, युवा, अन्नदाता कृषकों और नारी शक्ति को केंद्र बिंदु रखा गया है। बजट में जिले को विशेष सौगात मिली है। इंडोर हाल, आस्पताल में बेड की संख्या बढ़ाई गई। कुरुद में नर्सिंग कालेज, इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट, फूड पार्कों का निर्माण, मुख्यमंत्री रिंग रोड योजना, कर्मचारियों के महंगाई भत्ते में वृद्धि तथा ग्राम क्षेत्र में सड़क के माध्यम से विकास को गति दी गई है। रींवागहन से कुर्रा मार्ग पुल एवं सड़क निर्माण हेतु 2 करोड़ की राशि तथा कुर्रा से चरोटा मार्ग की स्वीकृति से जनता में खुशी है।

## इंडोर स्टेडियम में अस्मिता सिटी लीग का आयोजन 9 को

**धमतरी।** आमातालाब स्थित बाबू पंढरीराव कृदत्त इंडोर स्टेडियम में 9 मार्च को अस्मिता सिटी लीग का आयोजन होने जा रहा है। खेलो इंडिया योजना के तहत आयोजित इस लीग में अंडर-19 बालिका वर्ग कुश्ती प्रतियोगिता होंगी। इसके लिए टीमों का पंजीयन 8 मार्च तक कराया जा सकेगा। जिला खेल अधिकारी ने बताया कि महिलाओं के बीच खेलों को बढ़ावा देने के लिए खेलो इंडिया के तहत अस्मिता सिटी लीग की शुरूआत की गई है। इस लीग में धमतरी में अंडर 19 बालिका वर्ग में 50 किग्रा और 53 किग्रा श्रेणी में कुश्ती की प्रतियोगिताएं इंडोर स्टेडियम में होंगी। पंजीयन 8 मार्च तक किया जाएगा। पंजीयन खेल अधिकारी, खेल एवं युवा कल्याण विभाग, रूद्री कार्यालय में होगा। इसके साथ ही खेल इंडिया लघु केन्द्र इंडोर स्टेडियम आमातालाब धमतरी में भी निःशुल्क पंजीयन कराया जा सकता है। अधिक जानकारी के लिए जेपी देव, लीना यादव और विकाससिंह ठाकुर से संपर्क कर सकते हैं।

### सड़क पर बैठे मवेशियों के कारण लोग हो रहे चोटिल

# आवारा पशु बन रहे सड़क दुर्घटना का कारण

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

सड़कों पर घूमने वाले आवारा मवेशी पूरे शहर के लिए समस्या बन गए हैं। ये यातायात में बाधक होने के साथ दुर्घटनाओं का कारण बनते जा रहे हैं। लोग दुर्घटना का शिकार होकर चोटिल हो रहे हैं और अस्पतालों में इलाज करवा रहे हैं। मवेशी से टकराकर कई लोगों की तो स्पाट में मृत्यु भी हो गई है। शहर के रायपुर रोड, बस्तर रोड, मुजगहन रोड, रूद्री रोड, सिहावा रोड, बिलाईमाता मार्ग, सदरबाजार सहित शहर के सभी 40 वार्डों की गलियों एवं मोहल्लों में जानवरों का गौठान बन गया है। सड़कों पर झुंड बनाकर बैठने के कारण लोग टकराकर चोटिल हो रहे हैं। बड़े वाहन चालक



भी अपना नियंत्रण खोकर सड़क दुर्घटना का शिकार हो जाते हैं।

शहर के नागरिक त्रिलोक साहू, मनीष सोनकर, राजेंद्र सोनकर, जानकी ध्रुव, जगदीश निषाद, रमेश चक्रधारी ने बताया कि स्थानीय प्रशासन की लापरवाही का खामियाजा आमजनता भुगत रही है। कार्यवाही के अभाव में पशु मालिकों के हौसले बुलंद हैं। चौराहों पर डेरा जमाने के कारा मार्गों में जाम की सथिति बनी रहती है। आवारा पशुओं की धमाचौकड़ी से वाहन चालकों, बाइक सवारों की दिक्कतें बढ़ गई हैं। लोगो का कहना है कि कार्यवाही के अभाव में प्रतिदिन मवेशियों की संख्या बढ़ रही है। गली मोहल्लों, मुख्य मार्गों, बसस्टैंड, सब्जी बाजार आदि स्थानों पर भोजन की तलाश में जमघट रहता है। आसपास के ग्रामीण क्षेत्र के लोग आवारा पशुओं को शहर की ओर खदेड़ रहे हैं। ऐसे में लावारिस पशुओं की संख्या शहर में बढ़ रही है। शहर सहित गांवों में चरवाहा की कमी के चलते आवारा पशु शहर की ओर रूख कर रहे हैं। खाने के लालच में कूड़ा करकट सब्जी के अवशेष आदि पर जमघट रहता है।

लोगों का कहना है कि आवारा पशुओं के लिए प्रशासन द्वारा पुख्ता इंतजाम किया जाना आवश्यक है। शहर के आवारा पशुओं को गौशालाओं में भेजने की व्यवस्था करनी चाहिए। जिले में दर्जनभर से अधिक गौशाला है जहां शासन द्वारा लाखों रूपए का अनुदान दिया जाता है। मवेशी मालिकों को हिदायत दी जानी चाहिए। मवेशी मालिकों के विरूद्ध दंडात्मक कार्यवाही होनी चाहिए। लोगों में जनजागरूकता फैलाने पोस्टर, नुक्कड़, नारा, दीवार लेखन आवश्यक है।

## बैंकिंग के विद्यार्थियों को कराया गया इंटर्नशिप



**धमतरी।** व्यावसायिक शिक्षा अंतर्गत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय देमार के विद्यार्थियों को बैंकिंग की प्रायोगिक व सैद्धांतिक जानकारी प्रदान करने के लिए दस दिवसीय इंटर्नशिप का आयोजन किया गया। प्राचार्य देवनाथ साहू के मार्गदर्शन एवं प्रशिक्षक दीपशिखा तिवारी के नेतृत्व में कक्षा 11 वीं और 12 वीं के विद्यार्थियों को छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक अर्जुनी में दस दिवसीय इंटर्नशिप कराया गया। इंटर्नशिप में विद्यार्थियों ने बैंक में किए जाने वाले कार्यों जैसे बैंक खाते खोलना, लोन प्रक्रिया, ग्राहक सेवा, पासबुक प्रिंट करना, ऑनलाइन ट्रांसफर, आरटीजीएस, एनआईएफटी, अन्य बैंकिंग सुविधाओं को प्रायोगिक रूप से समझा। इंटर्नशिप कार्यक्रम का निरीक्षण प्राचार्य डीएन साहू द्वारा किया गया। इंटर्नशिप कार्यक्रम में हिस्सा लेने वाले विद्यार्थियों के खाते में निर्धारित पारिश्रमिक राशि ट्रांसफर की जाएगी साथ ही प्रमाण-पत्र भी प्रदान किया जाएगा।

## छग के विकास की नई इबारत लिखेगा यह बजट : बैस

हरिभूमि न्यूज ▶▶नगरी

छग सरकार के वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने विधानसभा में वर्ष 2025-26 का बजट पेश किया, जिसे भाजपा जिलाध्यक्ष प्रकाश बैस ने प्रदेश के विकास की नई दिशा देने वाला बताया। उन्होंने कहा कि यह बजट छग को आत्मनिर्भर, विकसित और



समृद्ध प्रदेश बनाने की दिशा में एक ठोस कदम है। यह बजट किसानों, गरीबों, युवाओं, महिलाओं, मजदूरों, कर्मचारियों और व्यापारी वर्ग सभी को लाभ देने वाला है। कृषि क्षेत्र को और अधिक मजबूती देने के लिए बजट में 13,500 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है, जिससे प्रदेश के 25 लाख किसानों को सीधा लाभ मिलेगा। शहरी क्षेत्रों के समग्र विकास के लिए 6,044 करोड़ रुपये का बजट रखा गया है। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत पात्रता नियमों में सुधार करते हुए 8,500 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है, जिससे लाखों गरीब परिवारों को पक्के मकान मिलेंगे। प्रदेश के 20 शासकीय विभागों में 10,000 नई भर्तियों की प्रक्रिया शुरू होगी। राज्य सरकार ने जनता को बड़ी राहत देते हुए पेट्रोल की कीमत में 1 रुपये प्रति लीटर की कटौती की है। सरकारी कर्मचारियों को 53 महंगाई भत्ता (डीए) देने की घोषणा की गई है, जिससे उनकी क्रय शक्ति बढ़ेगी और बाजार में खरीदारी बढ़ेगी। स्वास्थ्य सुविधाओं को सशक्त बनाने के लिए स्वास्थ्य विभाग का बजट बढ़ाया गया है। शिक्षा के क्षेत्र में भी बड़ा निवेश किया गया है। यह बजट छत्तीसगढ़ की जनता के सपनों को साकार करने वाला है और प्रदेश को आत्मनिर्भर एवं समृद्ध बनाने की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा। उन्होंने प्रदेश हितैषी बजट पेश करने पर वित्तमंत्री ओपी चौधरी और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का आभार माना।

## सार्थक के बच्चों ने मुमताज, शाहरुख खान, रजनीकांत का किया हुक स्टेप

- रायपुर में जेसीआई संगवारी ने आयोजित किया दिव्यांग टैलेंट एवं फैशन शो

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

रायपुर के समता कॉलोनी स्थित महाराजा इंटरनेशनल कॉलेज के ऑडिटोरियम में जेसीआई संगवारी द्वारा आयोजित दिव्यांग टैलेंट एवं फैशन शो कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों के 118 से ज्यादा दिव्यांग बच्चों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। सार्थक स्कूल धमतरी के 17 विशेष बच्चों ने बॉलीवुड फिल्मों की थीम पर एक्टर, एक्ट्रेस के स्वरूप में कैट वॉक और पैंथर वॉक करके रैम्प पर अपना जलवा बिखेरा। सार्थक की दिशा ने मुमताज, वत्सला और एकलव्य ने विक्की कौशल और यामी गौतम (उरी फेम), विनीत ने शाहरुख खान, भूपेंद्र ने सिंघम, सत्यांशु शाहिद कपूर, प्राची दीपिका



पादुकोण (पद्मावती फेम), कुलदीप ने ऋषि कपूर, नेमेश नेअक्षय कुमार, ईशु ने रजनीकांत, भारती- श्रीदेवी, यज्ञदत्त- डैनी, हर्षिता - शर्मीला टैगोर, पंकज- रणवीर सिंग, मनीषा- रेखा, प्रीति ने कैटरीना कैफ के अलग अलग फ़िल्मों के किरदार में आकर्षक वेशभूषा में उनके हुक स्टेप कर दर्शकों का दिल जीत लिया।कार्यक्रम के प्रमोटर्स ने सार्थक के बच्चों के साथ रैंप वॉक किया और बच्चों का हौसला बढ़ाया। इसके अलावा सार्थक के बच्चों ने स्वच्छता थीम पर गाड़ी वाला आया घर से कचरा निकाल गीत पर स्वच्छता दीदी, भैया की वेशभूषा में मनोरंजक डांस करते हुए स्वच्छता का संदेश दिया। बच्चों की इस प्रस्तुति की रायपुर की महापौर मीनल चौबे ने बेहद सराहना की। आयोजकों ने दिव्यांग बच्चों को प्रशिक्षण और सेवा कार्य के लिए सार्थक संस्था की अध्यक्ष डॉ. सरिता दोशी को सम्मानित किया। डॉ. दोशी एवं सार्थक की सचिव स्नेहा राठौड़ ने आभार व्यक्त करते हुए बताया कि, सार्थक के विशेष बच्चों ने धमतरी, रायपुर, भिलाई, रायगढ़, अछोली, बालोद, राजनांदगांव, लोनावला, पांडिचेरी, गांधीनगर में खेल, कला एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों में अनेक पुरस्कार और सम्मान प्राप्त किए हैं। इस कार्यक्रम के अतिथि राजेश अग्रवाल, कार्यक्रम संयोजक जेसी अखिलेश शर्मा, जैसी हरविंदर कौर, जेसी डॉ . रात्रि लहरी उपस्थित थे। बच्चों को प्रशिक्षित करने में प्रशिक्षक मैथिली गोड़े, मुकेश चौधरी, देविका दीवान, काजल रजक, पूनम पाण्डे, आकाश आहूजा का सहयोग रहा।

## महापौर रामू रोहरा को फलों से तौला गया



हरिभूमि न्यूज ▶▶नगरी

नगर के बजरंग चौक में भाजपा प्रदेश महामंत्री व नवनिर्वाचित महापौर रामू रोहरा का भव्य स्वागत और सम्मान किया गया। इस अवसर पर उन्हें केले से तौला गया। महापौर रामू रोहरा शपथ ग्रहण समारोह स्थल तक विशेष रूप से सजे हुए ट्रेक्टर में पहुंचे, जहां भाजपा कार्यकर्ताओं और आम जनता ने उनका जोशीला स्वागत किया। पूरे नगर में जश्न का माहौल बना रहा। कार्यकर्ताओं ने उत्साह के साथ महापौर के समर्थन में नारे लगाए। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष प्रकाश बैस, वरिष्ठ भाजपा नेता महेंद्र पंडित, पूर्व विधायक श्रवण मरकाम, पिंकी शाह, पूर्व महामंत्री भाजपा नागेंद्र शुक्ला, नवनिर्वाचित नगर पंचायत अध्यक्ष बलजीत छाबड़ा, पूर्व उपाध्यक्ष अजय नाहटा, विकास बोहरा, कमल डागा, खेमेन्दर साहू, नर्गिस मरकाम सहित सभी नवनिर्वाचित पार्षद उपस्थित थे।

## दस या दस से अधिक श्रमिकों वाली दुकानों को कराना होगा श्रम विभाग में पंजीयन

- छग दुकान एवं स्थापना अधिनियम 2017 लागू
- 6 माह में पंजीयन नहीं कराने पर होगी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

छग राज्य में दस या दस से अधिक श्रमिकों-कर्मचारियों से काम लेने वाले दुकानदारों और नियोजकों को नई दुकान एवं स्थापना अधिनियम 2017 के तहत अपने दुकानों का पंजीयन श्रम विभाग में कराना होगा। इसके लिए श्रम विभाग के सभी जिला कार्यालयों को अधिकृत किया गया है। श्रम विभाग के जिला कार्यालय विभागीय पोर्टल श्रमेवजयते डाट सीजी डाट जीओवी डाट इन के माध्यम से दुकानों और स्थापनाओं का ऑनलाइन पंजीयन होगा। छत्तीसगढ़ दुकान एवं स्थापना अधिनियम फरवरी माह से प्रभावशील हो गया है और अगले छः महीने में इस अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार दुकानों और स्थापनाओं को श्रम विभाग में पंजीयन कराना अनिवार्य किया गया है।



अधिनियम के तहत लेबर कमिश्नर को मुख्य फेसिलिटेटर और लेबर इंस्पेक्टर तथा सब इंस्पेक्टर को फेसिलिटेटर के रूप में नियुक्त किया गया है। दुकानों और स्थापनाओं के पंजीयन के लिए नियोजित श्रमिकों-कर्मचारियों की संख्या के आधार पर पंजीयन शुल्क 1000 रूपये से लेकर अधिकतम 10 हजार रूपये तक निर्धारित किया गया है। पंजीयन के बाद हर एक दुकान एवं स्थापना को श्रम पहचान संख्या वाला डिजिटल हस्ताक्षरयुक्त प्रमाण पत्र प्रदान किया जाएगा। पुरानी दुकान एवं स्थापना अधिनियम, कर्मचारी राज्य बीमा अधिनियम एवं कर्मचारी भविष्य निधि अधिनियम के तहत पंजीकृत दुकानों और स्थापनाओं को नये अधिनियम के अंतर्गत पंजीकृत माना जाएगा, परन्तु उन्हें नये अधिनियम लागू होने की तिथि से 6 महीने के भीतर श्रम पहचान संख्या प्राप्त करने के लिए आवेदन करना होगा। इसके लिए उन्हें कोई पंजीयन शुल्क नहीं देना होगा। 6 महीने बाद आवेदन करने पर नियमानुसार शुल्क जमा करना अनिवार्य होगा।

नियोजकों को अपने दुकान या स्थापना के पंजीयन-श्रम पहचान संख्या में संशोधन या बंदीकरण की सूचना विभागीय पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन कर देनी होगी। नियोजकों को अपने कर्मचारियों के अभिलेख- पंजी आदि इलेक्ट्रॉनिक रूप में संधारित करना होगा। नियोजकों को हर साल 15 फरवरी तक विभागीय पोर्टल में वार्षिक रिपोर्ट ऑनलाइन अपलोड करना होगा। दुकानों और स्थापनाओं में कार्यरत महिलाओं को रात्रि पाली में भी प्रावधानों के अनुसार सुविधाएं देते हुए नियोजित किया जा सकेगा। कर्मचारियों को साप्ताहिक अवकाश भी देना होगा।

## कोसरिया पटेल समाज ने किया महापौर का सम्मान



हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

कोसरिया मरार पटेल समाज धमतरी राज ने महापौर जगदीश रामू रोहरा का शपथ ग्रहण कर पदभार लेने के बाद निगम कार्यालय में सम्म्मान किया। इस अवसर पर महापौर ने समाज का हर प्रकार का सहयोग करने की बात कही। इस अवसर पर कोसरिया मरार पटेल समाज के संरक्षक बिशेषर पटेल, धमतरी राज अध्यक्ष सगुन पटेल, नील पटेल, मनीष पटेल, दिलीप पटेल, चन्द्रकला पटेल, विमला पटेल, गजेंद्र पटेल, पदुम पटेल उपस्थित थे।

## कम्पोजिट बिल्डिंग के पास हुई प्रकाश की व्यवस्था

**धमतरी।** कम्पोजिट बिल्डिंग के पास स्थित ओपन जिम में लाइट लग जाने से वहां की खूबसूरती बढ़ गई है। ओपन जिम में व्यायाम करने सुबह के अलावा शाम को भी लोग पहुंच रहे हैं। बच्चों से लेकर सीनियर सिटीजन भी ओपन जिम का लाभ ले रहे हैं। ज्ञात हो कि सुबह-शाम भ्रमण करने वाले बीपी तिवारी के नेतृत्व में शहर के गणमान्य नागरिकों ने कम्पोजिट बिल्डिंग के पास प्रकाश की व्यवस्था करने की मांग कलेक्टर नम्रता गांधी से की थी। मांग पूरी होने पर सभी ने कलेक्टर का आभार व्यक्त किया।

## शहर की बजबजाती नालियों से लोगों का जीना हुआ दूभर

- सुभाष नगर वार्ड के पार्षद ने स्लैब हटाकर कराई सफाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

शहर की नालियों को स्लैब से ढंकना वार्डवासियों के लिए मुसीबत बन गई है। सुभाष नगर वार्ड के मुख्य मार्ग में रहने वालों का नाली की गंदगी से उपजे कीड़े और काकरोच ने जीना दूभर कर दिया था। बुधवार को नाली सफाई के दौरान दिखा नजारा हैरान करने वाला था।

सुभाष नगर निवासी सुरेन्द्र ध्रुव, राजकुमार साहू ने बताया कि साल भर पहले टूटी फूटी नालियों की मरम्मत करने के बाद नाली को स्लैब डालकर ढंक दिया गया था। सफाई कर्मी जहां-जहां नाली खुली थी वहां-वहां सफाई कर चले जाते थे। नाली में गंदगी इतनी भर गई थी कि बजबजाती नाली की गंदगी में कई प्रकार के कीड़े पनप गए थे। ये कीड़े घरों, किचन, बेडरूम तक पहुंच जाते थे जिससे यहां के लोगों का जीना दूभर हो गया था। इसकी शिकायत करने पर वार्ड पार्षद ने स्वयं मौजूद रहकर नाली को ढंके स्लैब को हटाकर सफाई करवाई



जिससे राहत मिली है।

सुभाष नगर वार्ड की पार्षद पूर्णिमा भरत देवांगन ने बताया कि नालियों पर स्लैब लगाना वार्डवासियों के लिए बड़ी मुसीबत बन गई थी। लोगों का बदबू और कीड़े मकौड़े ने जीना दूभर हो गया था। बुधवार को वह स्वयं उपस्थित होकर नालियों पर लगे स्लैब को हटाकर सफाई कराया। सफाई नहीं होने से नाली जाम हो चुका था। नाली का पानी सड़कों पर बह रहा था। पार्षद का कहना है कि नालियों पर लगे स्लैब को हटाकर कर्मचारी सफाई नहीं करते, इससे यह समस्या उत्पन्न हो रही है।

online Booking:-www.tripuryatra.com
Individual & Group Tour
Honeymoon Tours
School Collage Tour
स्पेशल ट्रेन से - 16 मई से 23 मई 2025 (08 दिन)
By Train-रिजर्वेशन कोच
09 मई से 16 मई 2025,06 जून से 13 जून 2025
25 जुलाई से 1 अगस्त (सावन में ) (8 दिन)
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
नेपाल विदेश यात्रा
लुम्बिनि (भगवान बुद्ध का जन्म स्थान), काठमांडू (बूढ़ा नीलकंठ, बुद्ध स्तूप, काठमांडू दरबार), पशुपतिनाथ, जनकपुर (सीता मैया का जन्म स्थान), सीतामढ़ी, बनारस (काशी विश्वनाथ मंदिर)/अयोध्या (श्री राम जन्मभूमि)
राशि:-स्लीपर 9,500/-, 3 एसी 16,500/-, 2 एसी 22,500/-(+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D 36 Sector 4 Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

स्वामी जी
93406-38884
नेपाल विदेश यात्रा
जनकपुर (सीता मैय्या जन्म स्थल), अयोध्या (श्रीराम जन्मभूमि टेंपल) लुम्बिनी, काठमांडू, बुढ़ा नीलकंड, भक्तपुर, पशुपतिनाथ, पोखरा, गुप्तेश्वर, डेविड फॉल, विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक, मनोकामना देवी,
यात्रा दिनांक
21 मार्च 2025
02 अप्रैल 2025
11 अप्रैल 2025
09 मई 2025
23 मई 2025
06 जून 2025
10 दिन की यात्रा
राशिः स्लीपर-18,501/-, 3AC-28,501/-
स्वामी तीर्थ यात्रा
संपूर्ण छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र राज्य में सबसे कम दरों पर तीर्थ यात्रा
91111-11866, 82757-57579
Head Office : सिटी सेंटर मॉल ग्राउण्ड फ्लोर पावर हाउस रोड कोरबा (छ.ग.)

## जिले के 10 हितग्राहियों के निक्षय मित्र बने राज्यपाल

**धमतरी।** प्रदेश के राज्यपाल रमेन डेका ने धमतरी जिले के 10 हितग्राहियों को निक्षय मित्र बनकर अतिरिक्त पोषण आहार के लिए 50 हजार रुपए स्वेच्छानुदान मद से प्रदान किए हैं। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ यूएल कौशिक ने बताया कि प्रतिमाह 500 रुपए के मान से 10 हितग्राहियों को 50 हजार रूपये स्वेच्छानुदान मद से वित्तीय वर्ष 2024- 25 के लिए स्वीकृति दी गई है। इन हितग्रहियों में नगरी के ग्राम पटौदी निवासी गोकुल प्रसाद, नगरी की यामिनी नेताम, दयाराम यादव, मनीषा सेन, भीषम ध्रुव, विवेकानंद साहू, कुरूद के महेन्द्र कोर्राम, तजेश्वरी साहू, दीपक कोर्राम और धमतरी की धनेश्वरी पटेल शामिल हैं। राजधानी रायपुर स्थित राजभवन में 27 फरवरी को राज्यपाल रमेन डेका के हाथों 50 हजार की राशि मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. यू.एल. कौशिक ने प्राप्त की। इस अवसर पर राज्यपाल ने कहा कि भारत सरकार की फ्लैगशिप योजना प्रधानमंत्री टी.बी.मुक्त भारत अभियान के



तहत देश एवं प्रदेश को टी.बी. मुक्त करने का लक्ष्य है। इसके लिए जो राशि दी जा रही है, उससे टी.बी. के मरीजों को पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराया जाएगा। उन्होने राज्य को टी.बी. मुक्त बनाने के लिए समुदाय को भी जोड़ने का प्रयास करने कहा। इस अवसर पर राज्यपाल के सचिव डॉ.सी. आर प्रसन्ना ने राज्यपाल को प्रधानमंत्री टी. बी. मुक्त भारत अभियान के तहत भारत सरकार स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा प्रदत्त निक्षय मित्र पंजीयन प्रमाण-पत्र प्रदान किया। मौके पर राज्यपाल की संयुक्त सचिव श्रीमती हिना नेताम, राजभवन के अन्य अधिकारी तथा संबंधित जिलों के मुख्यचिकित्सा अधिकारी एवं अन्य संस्थाओं के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

## उज्जैन में हुआ माधुरी की छह पुस्तकों का विमोचन

**अंवरी।** 1 मार्च को उज्जैन में बिलासा छंद महालय के द्वितीय दीक्षांत समारोह संस्थापक डॉ. रामनाथ साहू ननकी, अध्यक्ष डॉ. माधुरी डड़सेना मुदिता नपं भखारा, सचिव डॉ. ओंकार साहू मृदुल के प्रज्ञ संकल्पों से हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मौन तीर्थ निरंजनीय अखाड़ा के श्री श्री 1008 समनानंद महाराज, विशिष्ट अतिथि गोविंद शर्मा, मनोहर मोयदे, देवेंद्र शर्मा थे। अतिथियों ने डॉ माधुरी डड़सेना मुदिता की 6 पुस्तकें माधुरी माला, माधुरी मकरन्द, माधुरी मणि, माधुरी मेधा, आईना, मैं ग़ज़ल हूं का विमोचन किया।

चर्म रोग एवं एलर्जिक क्लीनिक
विशेषताएं-
स्थायी ईलाज
पुराना दाद एवं खुजली, बेमची, मुहांसे (पिंपल्स) सफेद दाग, एलर्जी वाली खुजली)
डॉ. राकेश साहू होम्योपैथिक विशेषज्ञ
सुबह 10 से 2 एवं शाम 6 से 9 बजे तक (मंगलवार बंद)
डा.जयंत पवार हॉस्पिटल, बांके बिहारी मंदिर के पास, सदर बाजार, धमतरी
मो. 86027-50020